रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

[सं० 420] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 21, 1983/भाद्र 30, 1905
[No. 420] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPT. 21, 1983 BHADRA 30, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 सितम्बर, 1983

का०आ० 678(अ):—केन्द्रीय सरकार, उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा 29ख की उपधारा (1) द्वारा, प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3 उपखण्ड (ii) तारीख 14 जनवरी, 1982 के पृष्ठ 52 पर प्रकाशित भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) की अधिसूचना सं० का०आ० 20(अ) तारीख 14 जनवरी, 1982 का निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में—

(1) विद्यमान प्रविष्टि को क्रमसंख्यांक "(1)" के रूप में संख्यांकित किया जाएगा; और

(2) इस प्रकार संख्यांकित क्रमसंख्यांक (1) के पश्चात निम्नलिखित जोड़ा जाएगा, अर्थात :—

"(2) अतिसूक्ष्म और सूक्ष्म जलविद्युत प्रणाली के लिए उपस्कर;

(3) विद्युत यान।"

[फा०सं० 10/91/81-एल पी]

एस० एल० कपूर, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

NOTIFICATION

New Delhi, the 21st September, 1983

S.O. 678(E).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 29B of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (65 of 1951), the Central Government hereby makes the following amendments in the notification of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) No. S.O. 20(E) dated 14th January, 1982, published at page 52 of the Gazette of India Extraordinary Part II-Section 3-Sub-section (ii) dated the 14th January, 1982, namely :—

In the Schedule to the said notification—

(1) The existing entry shall be numbered as serial number "(1)" thereof ; and

(2) after serial number (1) as so numbered, the following shall be added, namely :—

"(2) Equipment for mini and micro hydel systems ;

(3) Electric vehicles."

[File No. 10|91|81-LP]

S. L. KAPUR, Jt. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 421] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 21, 1983/भाद्र 30, 1905
No. 421] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPT. 21, 1983/BHADRA 30, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मंत्रालय

आयात व्यापार नियंत्रण

आदेश सं० 29/83

नई दिल्ली, 21 सितम्बर, 1983

का०आ० 679(अ):—आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का 18) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा खुले सामान्य लाइसेंस आदेश सं० 1/83 दिनांक 15 अप्रैल, 1983 में निम्नलिखित संशोधन करती है :—

उपर्युक्त खुले सामान्य लाइसेंस की अनुसूची 3 में, प्रविष्टि सं० 14 को इस प्रकार संशोधित किया जाएगा :—

"विस्कोस फिलामेन्ट धागा (प्रथम किस्म) 600 डेनियर से कम"

[मिसिल सं० आईपीसी/3/1/83]

प्र०च० जैन, मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात

MINISTRY OF COMMERCE

IMPORT TRADE CONTROL

ORDER NO. 29/83

New Delhi, the 21st September, 1983

S.O. 679(E).—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Imports and Exports (Control) Act, 1947 (18 of 1947), the Central Government hereby makes the following amendment to OGL Order No. 1/83, dated the 15th April, 1983 :—

In part III of the Schedule to said Open General Licence, entry No. 14 shall be amended as :—

"Viscose Filament Yarn (first quality) below 600 denier".

[File No. IPC/3/1/83]

P. C. JAIN, Chief Controller of Imports & Exports

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED NO. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 422] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 22, 1983/भाद्र 31, 1905
No. 422] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 22, 1983/BHADRA 31, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 सितम्बर, 1983

सं. 269/83-सीमाशुल्क

का.आ. 680(अ).—केन्द्रीय सरकार, सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) की धारा 7 के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बंगलौर विमान पत्तन को, आयातित माल के उतारने के और निर्यातित माल के या ऐसे

माल के किसी वर्ग के लादने के प्रयोजनों के लिए सीमाशुल्क विमान पत्तन नियत करती है ।

[फा. सं. 481/20/83-सी. शु. 7]
ए. के. छाबड़ा, उप सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

NOTIFICATION

New Delhi, the 22nd September, 1983

NO. 269/83-CUSTOMS

S.O. 680(E).—In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 7 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), the Central Government hereby appoints Bangalore Airport as a Customs Airport for the purposes of unloading of imported goods and the loading of export goods or any class of such goods.

[F. No. 481|20|83-CUS.VII]
A. K. CHHABRA, Dy. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 423] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 26, 1983/आश्विन 4, 1905
No. 423] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 26, 1983/ASVINA 4, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

रसायन और उर्वरक मंत्रालय

(विकास आयुक्त (औषधि) का कार्यालय)

आदेश

नई दिल्ली, 26 सितम्बर 1983

का० आ० 681 (अ).—केंद्रीय सरकार औषधि (कीमत नियंत्रण) आदेश, 1979 के पैरा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के, यथास्थिति, तत्कालीन पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्रालय (रसायन और उर्वरक विभाग) के आदेश सं० 8 (89)/79 औषधि II तारीख 25 फरवरी, 1981 तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय के आदेश सं० का० आ० 607 (अ), तारीख 23 अगस्त, 1983 को अधिक्रांत करते हुए, नीचे की सारणी के स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट कीमतों को, उक्त सारणी के स्तंभ (2) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट ऐसे प्रपुंज औषधि की बाबत जिसका स्तंभ (3) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट विनिर्माताओं द्वारा उत्पादन किया जाता है, प्रतिधारण कीमत के रूप में और उक्त सारणी के स्तंभ (5) में विनिर्दिष्ट कीमतों को, प्रत्येक प्रपुंज औषधि की बाबत सामान्य विक्रय कीमत के रूप में नियत करती है :—

सारणी

क्रम सं	प्रपुंज औषधि का नाम	ऐसे विनिर्माताओं के नाम जिनसे यह संबंधित है।	प्रतिधारण कीमत (रु०/कि. ग्रा.)	सामान्य विक्रय कीमत (रु०/कि०ग्रा०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	विटामिन "सी" (साधारण)	साराभाई एम कैमिकल्स	154.69	154.69
2.	विटामिन "सी" (साधारण)	जयंत विटामिन्स लिमिटेड	200.37	200.37
3.	विटामिन "सी" (लेपित)	साराभाई एम कैमिकल्स	160.69	160.69
4.	विटामिन "सी" (लेपित)	जयंत विटामिन्स लिमिटेड	206.37	206.37

[सं० 8 (20)/83. औ. II]

ई० एन० मूर्ति, उप सचिव,

MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS

(Office of Development Commissioner (Drugs)

ORDER

New Delhi, the 26th September, 1983

S.O. 681(E).—In exercise of the powers conferred by paragraph 4 of the Drugs (Prices Control) Order, 1979 and in supersession of the orders of the Government of India in the erstwhile Ministry of Petroleum, Chemicals and Fertilizers (Department of Chemicals and Fertilizers) No. 8(89)/79-D. II, dated the 25th February, 1981 and in the Ministry of Chemicals and Fertilizers No. S.O. 607(E), dated the 23rd August, 1983, the Central Government hereby fixes the prices as specified in column (4) of the Table below to be the retention price in respect of the bulk drugs specified in the corresponding entry in column (2). of the said Table, produced by the manufacturers specified in corresponding entry in column (3) and the prices specified in column (5) of the Table to be the common sale price in respect of each of the bulk drugs :—

TABLE

Sl. No.	Name of the Bulk Drug	Name of the Manufacturers to whom it is relevent	Rention price (Rs./kg.)	Common sale price (Rs./kg.)
1	2	3	4	5
1.	Vitamin 'C' (Plain)	Sarabhai M. Chemicals	154.69	154.69
2.	Vitamin 'C' (Plain)	Jayant Vitamins Limited	200.37	200.37
3.	Vitamin 'C' (Coated)	Sarabhai M. Chemicals	160.69	160.69
4.	Vitamin 'C' (Coated)	Jayant Vitamins Limited.	206.37	206.37

[No. 8(20)/83. DII]

E.N. MURTHY, Dy. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 424] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 26, 1983/अश्विन 4, 1905
No. 424] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 26, 1983/ASVINA 4, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वित्त मंत्रालय
(राजस्व विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 1983

का० आ० 682 (अ).—केन्द्रीय सरकार, तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (संपत्ति समपहरण) अधिनियम, 1976 (1976 का 13) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व और बीमा विभाग) के आदेश सं० का० आ० 41 (अ) [सं० 1205 फा० सं० 414/2/76- आई०टी० (आई०एन० वी० III)] तारीख 15 जनवरी, 1976 को भागत: उपांतरित करते हुए, यह निदेश देती है कि सक्षम प्राधिकारी, कलकत्ता इससे संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट व्यक्ति के संबंध में कृत्यों का पालन करेगा।

अनुसूची

क्रम सं०	व्यक्ति का नाम	पता
1.	श्रीमती रामेश्वरी देवी, पत्नी श्री अनन्त राम शर्मा	19, जकारिया स्ट्रीट, कलकत्ता/नागोरीफालसा स्टेशन रोड़, मारवाड़, राजस्थान।

[5410 फा०सं० फोरफीचर/8/78-सफेमा]

MINISTRY OF FINANCE
(Department of Revenue)

ORDERS

New Delhi, the 26th September, 1983

S.O. 682(E).—In exercise of the powers conferred by section 5 of the Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976 (13 of 1976), and in partial modification of the Order of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue and Insurance) No.

S.O. 41(E) [No. 1205/F.No. 414/2/76-IT (INV. III)], dated the 5th January, 1976, the Central Government hereby directs that the Competent Authority, Calcutta, shall perform the functions in respect of the person specified in the Schedule attached hereto.

SCHEDULE

S. No.	Name of person	Address
1.	Smt. Rameshwari Devi W/o Shri Ananta Ram Sharma	19, Zakaria Street, Calcutta/ Nagorifalsa, Station Road, Marwar, Rajasthan.

[5410/F.No.Forfeiture/8/78-SAFEMA]

का० आ० 683(अ).—केन्द्रीय सरकार, तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (संपत्ति समपहरण) अधिनियम, 1976 (1976 का 13) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व और बीमा विभाग) के आदेश सं० का० आ० 41 (अ) [सं० 1205/फा० सं० 414/2/76-आई० टी० (आई० एन० वी०)] तारीख 15 जनवरी, 1976 को भागत: उपांतरित करते हुए, यह निदेश देती है कि सक्षम प्राधिकारी, मुम्बई इससे संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट व्यक्ति के संबंध में कृत्यों का पालन करेगा।

अनुसूची

क्रम सं०	व्यक्ति का नाम	पता
1.	फ्लाइट लेफ्टीनेंट एम० एच० खान	ए-15, आर्मी आफिसर्स फ्लैट्स, होलीडे कैंप, कोलाबा, मुम्बई-400005।

[5411/फा०सं०प्रशा०/7/83 आई० टी० (आई०एन० वी०III)]

के० डी० गुप्ता, उप सचिव

S.O. 683(E).—In exercise of the powers conferred by section 5 of the Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976 (13 of 1976), and in partial modification of the order of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue and Insurance) No. 41 (E), [No. 1205/F.No. 414/2/76-IT (INV.)] dated the 15th January 1976, the Central Government hereby directs that the Competent Authority, Bombay shall perform the functions in respect of the person specified in the Schedule attached hereto.

SCHEDULE

S. No.	Name of person	Address
1.	Flt. Lt. M.H. Khan	A-15, Army Officers' Flat Holiday Camp, Colaba Bombay-400005.

[5411/F.No. Admn./7/83-IT (INV. III)]

K.D. GUPTA, Dy. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 430] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 29, 1983/आश्विन 7, 1905
No. 430] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 29, 1983/ASVINA 7, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

उद्योग मंत्रालय
(औद्योगिक विकास विभाग)
आदेश

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 1983

का० आ० 693(अ)/18कक/उ०वि०वि०अ०/83 :—भारत सरकार के औद्योगिक विकास मंत्रालय के (समय-समय पर यथासंशोधित) आदेश सं० का० आ० 22(अ)/18कक/उ० वि० वि० अ०/73, तारीख 15 जनवरी, 1973 द्वारा श्री जानकी शुगर मिल्स एण्ड कम्पनी, डोइवाला, जिला देहरादून (उत्तर प्रदेश) नामक औद्योगिक उपक्रम का प्रबन्ध, उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा 18-कक की उपधारा (1) के अधीन 30 सितम्बर, 1983 तक जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, अवधि के लिए ग्रहण किया गया था और उत्तर प्रदेश स्टेट शुगर कारपोरेशन लिमिटेड को उक्त औद्योगिक उपक्रम का प्रबन्ध ग्रहण करने के लिए प्राधिकृत किया था,

और केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि लोकहित में यह समीचीन है कि उक्त औद्योगिक उपक्रम, उत्तर प्रदेश स्टेट शुगर कारपोरेशन लिमिटेड के प्रबन्ध के अधीन 31 मार्च, 1984 तक की जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, छह मास की और अवधि के लिए बना रहे;

अत., अब, केन्द्रीय सरकार, उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा-18-क की उपधारा (2) के परन्तुक के साथ पठित धारा 18कक की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निदेश देती है कि ऊपर वर्णित आदेश 31 मार्च, 1984 तक की जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, और अवधि के लिए प्रभावी बना रहे ।

[फा० सं० 2(2)/80-सी यू एस]

ए० पी० सरवन, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

ORDER

New Delhi, the 29th September, 1983

S.O. 693(E)/18AA/IDRA/83.—Whereas by the Order of the Government of India in the Ministry of Industrial Development No. S.O. 22(E)/18AA/IDRA/73, dated the 15th January, 1973 (as amended from time to time), the management of the industrial undertaking known as Shri Janki

Sugar Mills and Company, Doiwala, District Dehradun (Uttar Pradesh) was taken over under sub-section (1) of section 18AA of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (65 of 1951), for a period upto and inclusive of 30th September, 1983 and the Uttar Pradesh State Sugar Corporation Limited was authorised to take over the management of the said industrial undertaking ;

And, whereas, the Central Government is of the opinion that it is expedient in the public interest that the said industrial undertaking should continue under the management of the Uttar Pradesh State Sugar Corporation Limited for a further period of six months upto and inclusive of 31st March, 1984 ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 18AA read with the proviso to sub-section (2) of section 18A of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (65 of 1951), the Central Government hereby directs that the Order mentioned above shall continue to have effect for a further period upto and inclusive of 31st March, 1984.

[File No. 2(2)/80-CUS]
A. P. SARWAN, Jt. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 431] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 29, 1983/आश्विन 7, 1905
No. 431] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 29, 1983/ASVINA 7, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 1983

का० आ० 694 (अ) 18 क/आई डी आर ए/83.— भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के आदेश सं० का० आ० 218 (अ)/18क/आई डी आर ए/78, तारीख 29 मार्च, 1978 द्वारा (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त आदेश कहा गया है) कलकत्ता स्थित मैसर्स आलोक उद्योग वनस्पति एण्ड प्लाईवुड लिमिटेड नामक औद्योगिक उपक्रम का प्रबंध, तारीख 29 मार्च, 1978 से पांच वर्ष की अवधि के लिय ग्रहण किया गया था और वेस्ट बंगाल फोरेस्ट डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, 6ए, राजा सुबोध मलिक स्क्वेयर, आठवीं मंजिल, कलकत्ता-700013 को प्राधिकृत नियंत्रक के रूप में नियुक्त किया गया था ;

और, केन्द्रीय सरकार ने अपनी यह राय होने पर कि लोकहित में यह समीचीन है कि उक्त आदेश पूर्वोक्त पांच वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्रभावी बना रहे, 30 सितम्बर, 1983 तक की, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, और अवधि के लिए ऐसे बने रहने के लिए निदेश जारी किए थे (देखिए भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) का आदेश सं० का० आ० 234 (अ)/18क/आई डी आर ए/83, तारीख 28 मार्च, 1983) ;

और, केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि लोकहित में यह समीचीन है कि उक्त आदेश 31 दिसम्बर, 1983 तक की, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है और अवधि के लिए प्रभावी बना रहे ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार उद्योग (विकास और विनियम) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा 18 क की उपधारा (2) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निदेश देती है कि तारीख 29 मार्च, 1978 का उक्त आदेश, 31 दिसम्बर, 1983 तक की, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, और अवधि के लिए प्रभावी बना रहेगा ।

[फा० सं० 2(25)/74 सी०यू०एस०]
ए० पी० सरवन, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

ORDER

New Delhi, the 29th September, 1983

S.O. 694(E)|18A|IDRA|83.—Whereas by the Order of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) No. S.O. 218(E)/18A/IDRA/78, dated the 29th March, 1978 (hereinafter referred to as the said Order), the management of the Industrial Undertaking as Messrs Alok Udyog Vanaspati and Plywood Limited, located at Calcutta, has been taken over for a period of five years with effect from 29th March, 1978, and the West Bengal Forest Development Corporation Limited, 6A, Raja Subodh Mallick Square, 7th Floor, Calcutta-700013, was appointed as the authorised controller ;

And whereas, the Central Government. being of opinion that it is expedient in the public interest that the said Order should continue to have effect after the expiry of the period of five years aforesaid, had issued directions for such continuance for a further period upto and inclusive of the 30th September, 1983 vide Order of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) No. S.O. 234(E)/18A/IDRA/83, dated the 28th March, 1983 ;

And whereas, the Central Government. is of the opinion that it is expedient in the public interest that the said Order should continue to have effect for a further period upto and inclusive of the 31st December, 1983;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the proviso to sub-section (2) of section 18A of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (65 of 1951), the Central Government hereby directs that the said Order dated the 29th March, 1978 shall continue to have effect for a further period upto and inclusive of the 31st December, 1983.

[File No. 2(25)/74-CUS]
A. P. SARWAN, Jt. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री स. डी. (डी.एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 432] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 29, 1983/ आश्विन 7, 1905
No. 432] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 29, 1983/ASVINA 7, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 1983

का०आ० 695 (अ)/18कक/उ० वि० वि० अ०/83:— केन्द्रीय सरकार ने भारत सरकार के भूतपूर्व उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के आदेश सं० का० आ० 319 (अ)/18कक/उ०वि०वि०अ०/76, तारीख 27 अप्रैल, 1976 द्वारा (जिसमें इसमें इसके पश्चात उक्त आदेश कहा गया है), मैसर्स प्लाईबोर्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पाम्पेर, जम्मू-काश्मीर नामक सम्पूर्ण औद्योगिक उपक्रम का प्रबंध 26 अप्रैल, 1981 तक की, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, पांच वर्ष की अवधि के लिए ग्रहण करने के लिए जम्मू-कश्मीर इंडस्ट्रीज लिमिटेड को प्राधिकृत किया था ;

और, केन्द्रीय सरकार ने, अपनी यह राय होने पर कि लोक हित में यह समीचीन है कि उक्त आदेश पूर्वोक्त पांच वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात प्रभावी बना रहे, 30 सितम्बर, 1983 तक की, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, और अवधि के लिए ऐसे बने रहने के लिए समय-समय पर निदेश जारी किए थे (देखिए भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के आदेश सं० का० आ० 318 (अ)/18 कक उ० वि०वि०अ०/81, तारीख 25 अप्रैल, 1981 का आ० 287 (अ)/18कक उ०वि०वि०अ० 82, तारीख 26 अप्रैल, 1982 का० आ० 763 (अ)/18कक/उ० वि० वि०अ०/82, तारीख 25 अक्तूबर, 1982 और का०आ०सं० 233 (अ)/18कक/उ०वि०वि०अ०/83, तारीख 28 मार्च, 1983) ;

और, केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि लोकहित में यह समीचीन है कि उक्त आदेश 31 मार्च, 1984 तक की, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, और अवधि के लिए प्रभावी बना रहे ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा 18 क की उपधारा (2) के परन्तुक के साथ पठित धारा 18 कक की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निदेश देती है कि उक्त आदेश 31 मार्च, 1984 तक की, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, और अवधि के लिए प्रभावी बना रहेगा।

[फा० सं० 2(6)/81-सी यू एक्स]
ए० पी० सरवन, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

ORDER

New Delhi, the 29th September, 1983

S.O. 695(E)/18AA/IDRA/83.—Whereas by the Order of the Government of India in the late Ministry of Industry and Civil Supplies (Department of Industrial Development) No. S.O. 319 (E)/18AA/IDRA/76, dated the 27th April, 1976 (hereinafter referred to as the said Order), the Central Government had authorised the Jammu and Kashmir Industries Limited to take over the management of the whole of the industrial undertaking known as Messrs Plyboard Industries Limited, Pampore, Jammu and Kashmir, for a period of five years, that is, upto and inclusive of the 26th April, 1981 ;

And whereas, the Central Government being of the opinion that it is expedient in public interest that the said Order should continue to have effect after the expiry of the period of five years aforesaid, had issued directions from time to time for such continuance for a further period upto and inclusive of the 30th September, 1983 (vide Orders of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) Nos. 318(E)/18AA/IDRA/81, dated the 25th April, 1981, S.O. 287(E)/18AA/IDRA/82, dated the 26th April, 1982, S.O. 763(E)/18AA/IDRA/82, dated the 25th October, 1982 and S.O. 233(E)/18AA/IDRA/83, dated the 28th March, 1983 ;

And whereas, the Central Government is of the opinion that it is expedient in the public interest that the said Order should continue to have effect for a further period upto and inclusive of the 31st March, 1984 ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 18AA read with the proviso to sub-section (2) of section 18A of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (65 of 1951), the Central Government hereby directs that the said Order shall continue to have effect for a further period upto and inclusive of the 31st March, 1984.

[File No. 2(6)/81-CUS]

A. P. SARWAN, Jt. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 433] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 29, 1983/आश्विन 7, 1905
No. 433] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 29, 1983/ASVINA 7, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 1983

का० आ० 696 (अ)/18कक/उ०वि०वि०अ०/83—भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के आदेश सं० का० आ० 825(अ)/18कक/उ०वि०वि०अ०/76, तारीख 23 दिसम्बर, 1976 द्वारा (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त आदेश कहा गया है) मैसर्स. कावेरी स्पिनिंग एण्ड वीविंग मिल्स लिमिटेड, पुदुकोट्टई नामक संपूर्ण औद्योगिक उपक्रम का प्रबंध, उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा 18-कक की उप-धारा (1) के खंड (ख) के अधीन 23 दिसम्बर, 1976 से पांच वर्ष की अवधि के लिए ग्रहण किया गया था और उक्त संपूर्ण औद्योगिक उपक्रम का प्रबंध ग्रहण करने के लिए तमिलनाडु वस्त्र निगम को प्राधिकृत किया गया था;

और, भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के आदेश सं० का० आ० 906 (अ)/18कक/उ० वि० वि० अ०/82, तारीख 22 दिसम्बर, 1981 द्वारा उक्त आदेश की अवधि 22 जून, 1982 तक की, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है छह मास की और अवधि के लिए बढ़ा दी गई थी;

और, भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) की अधिसूचना सं० का० आ० 437(अ)/18कक/उ० वि० वि० अ०/82 तारीख 22 जून, 1982 द्वारा उक्त आदेश की अवधि 30 सितम्बर, 1982 तक, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, बढ़ा दी गई थी,

और, भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) की अधिसूचना सं० का० आ० 699(अ)/18कक/उ० वि० वि० अ०/82 तारीख 30 सितम्बर, 1982 द्वारा उक्त आदेश की अवधि, 31 मार्च, 1983 तक, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, बढ़ा दी गई थी;

और, भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) की अधिसूचना सं० का० आ० 272(अ)/18कक/उ०वि०वि०अ०/83, तारीख 31 मार्च, 1983 द्वारा उक्त आदेश की अवधि, 30 सितम्बर, 1983 तक, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, बढ़ा दी गई थी;

और, केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि लोक हित में यह समीचीन है, कि उक्त आदेश 31 मार्च, 1984 तक की, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, और अवधि के लिए प्रभावी बना रहे;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा 18क की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निदेश देती है कि उक्त आदेश 31 मार्च, 1984 तक की, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, और अवधि के लिए प्रभावी बना रहेगा।

[फा० सं० 3(9)/81-सी०यू०एस०]
ए० पी० सरवन, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

ORDER

New Delhi, the 29th September, 1983

S.O. 696(E)/18AA/IDRA/83.—Whereas by the Order of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) No. S.O. 825(E)/18AA/IDRA/76 dated the 23rd December, 1976 (hereinafter referred to as the said Order), the management of the whole of the industrial undertaking known as Messrs Cauvery Spinning and Weaving Mills Limited, Pudukottai, was taken over under clause (b) of sub-section (1) of section 18AA of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (65 of 1951), for a period of five years from the 23rd December, 1976, and the Tamil Nadu Textile Corporation was authorised to take over the management of the whole of the said industrial undertaking ;

And whereas, by the Order of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) No. S.O. 906 (E)/18AA/IDRA/81, dated the 22nd December, 1981, the period of the said Order was extended for a further period of six months upto and inclusive of the 22nd June, 1982 ;

And whereas, by the Order of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) No. S.O. 437(E)/18AA/IDRA/82, dated the 22nd June, 1982, the period of the said Order was extended upto and inclusive of the 30th September, 1982 ;

And whereas, by the Order of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) No. S.O. 699(E)/18AA/IDRA/82, dated the 30th September, 1982, the period of the said Order was extended upto and inclusive of the 31st March, 1983 ;

And whereas, by the Order of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) No. S.O. 272(E)/18AA/IDRA/83, dated the 31st March, 1983 the period of the said Order was extended upto and inclusive of the 30th September, 1983 ;

And whereas, the Central Government is of the opinion that it is expedient in the public interest that the said Order should continue to have effect for a further period upto and inclusive of the 31st March, 1984 ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 18AA of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (65 of 1951), the Central Government hereby directs that the said Order shall continue to have effect for a further period upto and inclusive of the 31st March, 1984.

[File No. 3(9)/81-CUS]
A. P. SARWAN, Jt. Secy

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 434] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 29, 1983/आश्विन 7, 1905
No. 434] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 29, 1983/ASVINA 7, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 1983

का० आ० 697 (अ)/18कक/उ० वि० वि० अ०/83:—भारत सरकार के भूतपूर्व उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के आदेश सं० का० आ० 752 (अ)/18कक/उ०वि० वि० अ०/77, तारीख 4 नवम्बर, 1977 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त आदेश कहा गया है) द्वारा, मैसर्स सीमा-सुन्दरम स्पिनिंग मिल्स, मुथनेन्दल, रामनाथपुरम जिला, तमिलनाडु नामक संपूर्ण औद्योगिक उपक्रम का प्रबंध उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा 18कक की उपधारा (1) के खंड (अ) के अधीन 4 नवम्बर, 1977 से पांच वर्ष की अवधि के लिए ग्रहण किया गया था और उक्त संपूर्ण औद्योगिक उपक्रम का प्रबंध ग्रहण करने के लिए तमिलनाडु वस्त्र निगम को प्राधिकृत किया गया था।

और भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के आदेश सं० का० आ० 778(अ)/18कक/उ०वि० वि० अ०/82 तारीख 3 नवम्बर, 1982 द्वारा, उक्त आदेश की अवधि 3 मई, 1983 तक की, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, छह मास की और अवधि के लिए बढ़ा दी गई थी;

और भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के आदेश सं० का० आ० 350(अ)/18कक/उ० वि० वि० अ०/83-तारीख 2 मई, 1983 द्वारा, उक्त आदेश की अवधि 30 सितम्बर, 1983 तक, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, बढ़ा दी गई थी;

और केन्द्रीय सरकार की यह राय कि लोकहित में यह समीचीन है कि उक्त आदेश, 31 मार्च, 1984 तक की जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है और अवधि के लिए प्रभावी बना रहे;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा 18कक की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निर्देश देती है कि उक्त आदेश 31 मार्च, 1984 तक की जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, और अवधि के लिए प्रभावी बना रहेगा।

[फाइल सं० 3(14)/77-सी० यू० एस०]
ए० पी० सरवन, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

ORDER

New Delhi, the 29th September, 1983

S.O. 697(E)|18AA|IDRA|83.—Whereas by the Order of the Government of India in the late Ministry of Industrial Development (Department of Industrial Development) No. S.O. 752(E)|18AA|IDRA|77, dated the 4th November, 1977 (hereinafter referred to as the said Order), the management of the whole of the industrial undertaking known as Messrs Somasundram Super Spinning Mills, Muthanendal, Ramanathpuram District Tamil Nadu, was taken over under clause (b) of sub-section (1) of section 18AA of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (65 of 1951), for a period of five years from the 4th November, 1977, and the Tamil Nadu Textile Corporation was authorised to take over the management of the whole of the said industrial undertaking;

And, whereas, by the Order of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) No. S.O. 778(E)|18AA|IDRA|82, dated the 3rd November, 1982, the period of the said Order was extended for a further period of six months upto and inclusive of the 3rd May, 1983;

And, whereas, by the Order of the Government of India in the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) No. S.O. 350(E)|18AA|IDRA|83, dated the 2nd May, 1983, the period of the said Order was extended upto and inclusive of the 30th September, 1983;

And, whereas, the Central Government is of the opinion that it is expedient in the public interest that the said Order should continue to have effect for a further period upto and inclusive of 31st March, 1984;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 18AA of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (65 of 1951), the Central Government hereby directs that the said Order shall continue to have effect for a further period upto and inclusive of the 31st March, 1984.

[File No. 3(14)|77-CUS]
A. P. SARWAN, Jt. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED NO. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

[सं॰ 426] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 27, 1983/आश्विन, 5, 1905
[No. 426] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 27, 1983/ASVIN 5, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नौवहन और परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 सितम्बर, 1983

का॰आ॰ 689(अ).—दिल्ली परिवहन निगम (सदस्य) नियम, 1973 के नियम 3 के साथ पठित सड़क परिवहन निगम अधिनियम, 1950 (1950 का 64) की धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार श्री ए॰एन॰ सक्सेना, निदेशक (वित्त) नौवहन और परिवहन मंत्रालय को दिल्ली परिवहन निगम का सदस्य नियुक्त करती है और भारत

सरकार के नौवहन और परिवहन मंत्रालय (परिवहन पक्ष) की अधिसूचना संख्या का०आ० 305 (अ) दिनांक 4 मई, 1982 (अधिसूचना सं० 727 (अ) दि० 11-10-1982, 327(अ) दि० 23-4-1983, 476(अ) दि० 27-6-1983 और 551 (अ) दि० 3-8-1983 द्वारा यथा संशोधित) में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात:—

उक्त अधिसूचना के पैरा 1 में मद संख्या (iv) में निम्नलिखित प्रविष्टि की जाए :—

"(iv) श्री ए०एन० सक्सेना,
निदेशक (वित्त)
नौवहन और परिवहन मंत्रालय नई दिल्ली"

[फा०सं० टी जो डी (22)/82]
गोविन्द जी मिश्र, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT

(Transport Wing)

NOTIFICATION

New Delhi, the 27th September, 1983

S.O. 689(E).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 of the Road Transport Corporation Act, 1950 (64 of 1950) read with rule 3 of the Delhi Transport Corporation (Members) Rules, 1973, the Central Government hereby appoints Shri A. N. Saksena, Director (Finance), Ministry of Shipping and Transport, as Member of the Delhi Transport Corporation Board and make the following amendment in the Notification of the Government of India in the Ministry of Shipping and Transport (Transport Wing), No. S.O. 305 dated 4th May, 1982, (as amended vide Notification Nos. 727-E dated 11-10-82, 327-E

dated 23-4-1983, 476-E dated 27-6-1983 and 551-E dated 3rd August, 1983), namely :—

In the said notification in para 1 against item (iv), the following shall be inserted :

"(iv) Shri A. N. Saksena,
Director (Finance),
Ministry of Shipping and Transport,
New Delhi."

[File No. TGD(22)|82]
G. J. MISRA, Jt. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

[सं० 427] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 28, 1983/आश्विन 6, 1905
[No. 427] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 28, 1983/ASVINA 6, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

ऊर्जा मंत्रालय

(कोयला विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 1983

का. आ. 690(अ).—अनिवार्य वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का 10) की धारा 16 के द्वारा सतत रूप से लागू कोलियरी नियंत्रण आदेश, 1945 के खंड 3 के अनुसरण में, और कोयला संरक्षण और विकास सलाहकार समिति की सिफारिश के अनुसार, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा विहित करती है कि लोहा-पट्टी कोलियरी के कोयले का वर्गीकरण तत्काल प्रभाव से निम्नलिखित होगा :—

(1) नं. 4 इन्क्लाइन का भूरंनिया टाप सीम कोयला—कोकर कोयला

(2) नं. 2 इन्क्लाइन का लोहापट्टी मिडिल सीम कोयला—अर्द्ध कोकिंग कोयला ।

[फाइल सं. 15014/1/83-सीआरसी]
ल. ना. लड्ढा, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF ENERGY

(Department of Coal)

NOTIFICATION

New Delhi, the 26th September, 1983

S.O. 690(E).—In pursuance of clause 3 of the Colliery Control Order, 1945, as continued in force by section 16 of the Essential Commodities Act, 1955 (10 of 1955), and as recommended by the Coal Conservation and Development Advisory Committee, the Central Government hereby prescribes that the coal in the Lohapatti Colliery shall be categorised as follows with immediate effect :—

(i) the Bhurangia Top Seam coal of No. 4 incline—Coking Coal.

(ii) the Lohapatti Middle Seam coal of No. 2 incline—Semi Coking Coal.

[File No. 15014/1/83-CRC]
L. N. LADDHA, Jt. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 428] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 28, 1983/आश्विन 6, 1905
No. 428] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 28, 1983/ASVINA 6, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दिल्ली विकास प्राधिकरण

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 सितम्बर, 1983

का. आ. 691(अ).—एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 की संख्या-61) की धारा 5 की उपधारा (2) (डी) के अन्तर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण की सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में सेवा करने हेतु दिल्ली नगर निगम के पार्षदों तथा नगर प्रमुखों द्वारा अपने में से सर्वश्री बलवान सिंह सोलंकी, [illegible] मुकुन्द लाल चिन्द्रा तथा श्री आर. के. त्यागी को चुन लिया है ।

[सं. 5(1)/79-एम. सी.]
नाथू राम, सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

NOTIFICATION

Delh, the 28th September, 1983

S.O. 691(E).—It is hereby notified that in pursuance of Clause (d) of sub-section (2) of Section 5 of the Delhi Development Act, 1957(61 of 1957), the councillors and aldermen of the Municipal Corporation of Delhi have, from among themselves, elected S|Shri Balwan Singh Solanki, Hari Chand Verma, Mukand Lal Bindra and R. K. Tyagi to serve as members of the Advisory Council of the Delhi Development Authority.

[F. No. 5(1)|79-M.C.]
NATHU RAM, Secy.
Delhi Development Authority

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 429] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 29, 1983/आश्विन 7, 1905
No. 429] NEW DELHI, THURSDAY, SEPT. 29, 1983/ASVINA 7, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

(शेयर बाजार प्रभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 1983

का. आ. 692(अ).—केन्द्रीय सरकार, हैदराबाद स्टाक एक्सचेंज लिमिटेड, (जिसे इसमें इसके पश्चात् उपर्युक्त एक्सचेंज कहा गया है) के द्वारा प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42 वां) की धारा 3 के अन्तर्गत मान्यता के लिए दिए गए आवेदन पत्र पर विचार करने और इस बात से सन्तुष्ट

होने के बाद कि ऐसा करना व्यापार के हित में तथा लोकहित में भी होगा, प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42 वां) की धारा 4 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा इस एक्सचेंज को उपर्युक्त अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत स्थाई आधार पर प्रतिभूतियों के सम्बन्ध में ऐसी अन्य शर्तों के अनुसार जो बाद में निर्धारित की जाएंगी अथवा लागू की जाएंगी, मान्यता प्रदान करती है ।

[सं. एफ. 1/36/एस.ई./83]
नीतीश सेनगुप्त, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

(Stock Exchange Division)

NOTIFICATION

New Delhi, the 29th September, 1983

S.O. 692(E).—The Central Government, having considered the application for recognition made under section 3 of the Securities Contracts (Regulation) Act, 1956 (42 of 1956), by the Hyderabad Stock Exchange Limited, Hyderabad (hereinafter referred to as the said Exchange) and being satisfied that it would be in the interest of the trade and also in the public interest so to do, hereby grants, in exercise of the powers conferred by section 4 of the Securities Contracts (Regulation) Act, 1956 (42 of 1956), recognition to the said Exchange under section 4 of the said Act, on a permanent basis, in respect of contracts in securities, subject to such conditions as may be prescribed or imposed hereafter.

[No. F. 1|36|SE|83]
N. K. SENGUPTA, Jt. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72



भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 435] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 29, 1983/आश्विन 7, 1905
No. 435] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 29, 1983/ASVINA 7, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 1983

का० आ० 698 (अ)/18क/आई० डी० आर० ए०/83.— भारत सरकार के भूतपूर्व औद्योगिक विकास मंत्रालय के आदेश सं० का० आ० 608(अ)/18क/आई० डी० आर० ए०/72, तारीख 18 दिसम्बर, 1972 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त आदेश कहा गया है) द्वारा मैसर्स इण्डियन रबर मेन्युफैक्चर्स लि०, कलकत्ता नामक औद्योगिक उपक्रम का प्रबंध ग्रहण 17 दिसम्बर, 1977 तक की अवधि के लिए जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, किया गया था;

और भारत सरकार के आदेश सं० का० आ० 638(अ)/18क/आई० डी० आर० ए० 77, तारीख 26 अगस्त, 1977 द्वारा उक्त आदेश को 17 सितम्बर, 1979 तक की और अवधि के लिए जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है विस्तारित किया गया था।

और भारत सरकार के आदेश सं० का० आ० 520(अ)/18क/आई० डी आर० ए/79, तारीख 17 सितम्बर, 1979, का० आ० 704(अ)/18क/आई० डी० आर० ए०/81, तारीख 17 सितम्बर, 1981, का० आ० 138(अ)/18क/आई० डी० आर० ए०/82, तारीख 17 मार्च, 1982, का० आ० 674(अ)/18क/आई० डी० आर० ए०/82, तारीख 17 सिम्तबर, 1982, का० आ० 867(अ)/18क/आई० डी० आर० ए०/82, तारीख 31 दिसम्बर, 1982 तथा का० आ० 271(अ)/18क/आई डी० आर० ए०/83 तारीख 31 मार्च, 1983 द्वारा उक्त आदेश की अवधि 30 सितम्बर, 1983 तक की और अवधि के लिए जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है और बढ़ा दी गई थी।

और केन्द्रीय सरकार की राय है कि लोकहित में यह समीचीन है कि उक्त आदेश 31 अक्तूबर, 1983 तक की और अवधि के लिए प्रभावी बना रहना चाहिए।

अतः केन्द्रीय सरकार उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा 18क के

परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्देश देती है कि उक्त आदेश 31 अक्तूबर, 1983 तक जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है प्रभावी बना रहेगा।

[फा० सं० 2(13)/80-सी० यू०एस०]
ए० पी० सरवन, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

ORDER

New Delhi, the 29th September, 1983

S.O. 698(E)|18A|IDRA|83.—Whereas by the Order of the Government of India in the late Ministry of Industrial Development No. S.O. 608(E)|18A|IDRA|72, dated the 18th September, 1971 (hereinafter referred to as the said Order), the management of the industrial undertaking known as the Indian Rubber Manufacturers Limited Calcutta, has been taken over for a period upto and inclusive of the 17th September, 1977;

And, whereas by the Order of the Government of India No. S.O. 638(E)|18A|IDRA|77, dated the 26th August, 1977 the said Order was extended for a further period upto and inclusive of the 17th September, 1979;

And, whereas by the Order of the Government of India No. S.O. 520(E)|18A|IDRA|79, dated the 17th September, 1979, No. S.O. 704(E)|18A|IDRA|81, dated the 17th September, 1981, No. S.O. 138(E)|18A|IDRA|82, dated the 18th September, 1982, No. S.O. 867(E)|18A|IDRA|82, dated the 31st December, 1982, and No. S.O. 271(E)|18A|IDRA|83, dated the 31st March, 1983, the duration of the said Order was further extended for a further period upto and inclusive of the 30th September, 1983;

And, whereas the Central Government is of the opinion that it is expedient in the public interest that the said Order should continue to have effect for a further period upto and inclusive of 31st October, 1983;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the provision of the section 18A of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (65 of 1951), the Central Government hereby directs that the said Order shall continue to have effect for a further period upto and inclusive of the 31st October, 1983.

[File No. 2(13)|80-CUS]
A. P. SARWAN, Jt. Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 436] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 29, 1983/अश्विन 7, 1905
No. 436] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 29, 1983/ASVINA 7, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 1983

का०आ० 699 (अ)/18 कक/आई० डी० आर० ए०/83:— यतः, भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के आदेश संख्या 293(अ)/18कक/आई०डी०आर० ए०/78 दिनांक 1 मई, 1978 (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त आदेश कहा गया है) द्वारा एल्यूमीनियम कारपोरेशन आफ इंडिया लि०, कलकत्ता के आसनसोल के समीप जे०के० नगर में स्थित औद्योगिक उपक्रम का प्रबन्ध उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा 18कक की उपधारा (1) के अधीन 30 अप्रैल, 1979 तक (जिसमें यह दिन भी शामिल है) एक वर्ष की अवधि के लिए ग्रहण किया गया था तथा भारत एल्यूमीनियम कंपनी लि० को उक्त औद्योगिक उपक्रम का प्रबंध करने के लिए प्राधिकृत किया गया था ।

और, यतः, भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के आदेशों दिनांक 25 अप्रैल, 1979 के का०आ० संख्या 224(ई), दिनांक 29 अप्रैल, 1980 का का०आ० 286(ई), दिनांक 31 अक्तूबर, 1980 का का०आ० 869(ई)/18कक/आई०डी०आर०ए०/80, दिनांक 30 अप्रैल, 1981 का का०आ० 325(ई)/18कक/आई०डी०आर०ए०/81, दिनांक 30 अप्रैल, 1982 क का०आ० 290(ई), दिनांक 31 जुलाई, 1982 का का०आ० 539(ई) तथा दिनांक 28 मार्च, 1983 का का०आ० 235(ई)/18कक/आई०डी०आर०ए०/83, द्वारा उक्त आदेश की अवधि समय-समय पर 30 सितम्बर, 1983 तक बढ़ा दी गई थी ।

और, यतः, केन्द्र सरकार की राय में लोक हित में यह समीचीन है कि उक्त औद्योगिक उपक्रम को 31 मार्च, 1984 तक 6 महीने की और अवधि के लिए भारत एल्यूमीनियम कंपनी लि० के प्रबन्ध में बना रहने दिया जाना चाहिए ।

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार औद्योगिक (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) की धारा

18क्क की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निदेश देती है कि उक्त आदेश 31 मार्च, 1984 तक, जिसमें यह दिन भी शामिल है, 6 महीने की आगामी अवधि के लिए प्रभावी बना रहेगा।

[फाइल सं० 4(1)/80-सी०यू०एम०]

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

ORDERS

New Delhi, the 29th September, 1983

(28) "फ्लोर ब्लाक" से फ्लोर स्तर पर या उसके निकट स्थिर एकल चरखी पुली या खुली कप्पी अभिप्रेत है जिसके द्वारा किसी रस्से पर के पुली या खुली कप्पी दिशा में परिवर्तन किया जा सकता है ;

(29) "प्ररूप" से अनुसूची में यथा उपवर्णित प्ररूप अभिप्रेत है;

(30) "विभंग" से उत्पादन के लिए प्रवाह मार्ग खोलने के प्रयोजन के लिए किसी तरल पदार्थ को अधस्तल स्तर के अन्तर प्रवेश कराने की प्रक्रिया अभिप्रेत है;

(31) "गैस" से पेट्रोलियम या प्राकृतिक गैस में उपस्थित या व्युत्पन्न हाइड्रोकार्बन की वाष्प स्थिति अभिप्रेत है;

(32) "गैस कलित पंक" से संरोहित शैलसमूह गैस सहित ऐसा पंक अभिप्रेत है जो पंक को एक वैशिष्ट्य फुलफुला रूप देता है;

(33) "गैस-मुक्त" से किसी टैंक या क्षेत्र में यंत्रीकरण से यथामापित ज्वलनशील और/या विषैली गैसों की सान्द्रता अभिप्रेत है जो प्रवेश करने वाले व्यक्तियों के लिए मापित गैस की सुरक्षित विहित सीमा-मान के भीतर है;

(34) "गैस कूप" से अभिप्रेत है ऐसा कूप, जिससे किसी गैस धारक जोन से निरन्तर उत्पादन होता रहता है या ऐसा कूप जिसमें कैसिंग अनुमानित परिस्थितियों के अधीन गैस के निरन्तर उत्पादन के लिए चलाया जाता है;

(35) "समूह संग्रहण केन्द्र" से तेल या गैस का संग्रहण, अभिक्रिया या संचरण के लिए प्रयुक्त उत्पादन सुविधा अभिप्रेत है,

(36) "जोखिमवाला क्षेत्र" से ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है जहां सामान्य संक्रियाओं के दौरान पर्याप्त मात्रा में ऐसा जोखिमवाला वातावरण पाए जाने की संभावना है जो जोखिम बन सकता है;

(37) "जोखिमवाला वातावरण' से ऐसा वातावरण अभिप्रेत है जिसमें किसी मात्रा में कोई ऐसी ज्वलनशील गैस या वाष्प है जो ज्वलित होने में समर्थ है;

(38) "हाईलाईन या आउटलाईन" से ऐसा रस्सा अभिप्रेत है जिसका उपयोग किसी डेरिक या दंड से पाइपों, वेधन करने वाले औजार या अन्य उपस्कर डेरिक वाक या डेरिक या दंड के बाहर के अन्य अवस्थान तक ले जाने के लिए किया जाता है;

(39) "संस्थापन" से कोई ऐसा स्थिर संस्थापन या स्थिर संस्थाप का कोई भाग अभिप्रेत है जिसका अनुरक्षण खान के भीतर किया जाता है या जिसे वहां तेल या गैस के समुपयोजन के संबंध में या ऐसे समुपयोजन की दृष्टि से अन्वेषण के संबन्ध में स्थापित किया जाता है;

(40) "संस्थापन प्रबन्धक" से अभिप्रेत है संस्थापन के स्वामी या अभिकर्ता द्वारा लिखित में नियुक्त ऐसी व्यक्ति जो, संस्थापन के या उसके संम्बन्ध में सभी संक्रियाओं और क्रियाकलाप का भारसाधक है और उनके लिए उत्तरदायी है ;

(41) "आयनकारी विकिरण" से किसी रेडियो ऐक्टिव पदार्थ के परमाणु न्युक्लिअस के स्वतः विघटी विखंडन के कारण ऐसे उत्सर्जन अभिप्रेत है जो स्वास्थ्य के लिए जोखिमवाला है;

(42) "किक" से अभिप्रेत है वेधन किए जाने पर कूप में प्रवेश करने वाले शैलसमूह तरलपदार्थों के अंतर्वाह से भारित लघु अवधि का कोई अचानक दाब प्रोत्कर्ष;

(43) "केली काक" से घूर्णीमान और केली के बीच संस्थापित कोई वाल्व अभिप्रेत है। जब उच्च दाब पश्च प्रवाह आरम्भ हो जाता है तब वेधन करने वाला व्यक्ति इस वाल्व को बन्द कर सकता है और घूर्णीमान और घूर्णी होज पर से दाब को दूर कर सकता है;

(44) "घूस्नेहक" से अभिप्रेत केसिंग या नलिका शीर्ष के ऊपर के वाल्व के ऊपर केसिंग या नलिका का विस्तरण/स्नेहकों में ऊपरि सिरे पर दाब बन्द करने वाली युक्ति की व्यवस्था इसलिए की गई है जिससे कि वह किसी कूप के अन्दर जाने
न्य संबन्ध
को बंद करने में समर्थ हो सके;

(45) "मशीनरी" से अभिप्रेत है :

(क) वेधन उत्पादन और परिवहन संक्रियाओं के संबंध में उपयोग में लाया जाने वाला या ऐसे उपयोग के लिए आशयित, कोई स्थिर या सुवाह्य इंजन, वायु या गैस संपीडित्र, वायलन या वाष्प साधित्र, अथवा

(ख) ऊर्जा का विकास करने , संचयन करने, पारेषण करने, संपरिवर्तन करने या उपयोग करने के लिए आशयित कोई साधित्र साधन या साधित्रों का समुच्चय, अथवा

(ग) कोई ऐसा साधित्र, साधन या साधित्रों का समुच्चय, यदि इनके द्वारा विकसित, संचलित, पारेषित, संपरिवर्तित या उपयोजित किसी शक्ति का उपयोग वेधन, उत्पादन और परिवहन संक्रियाओं के संबंध में किया गया है या ऐसा उपयोग किए जाने के लिए आशयित है ;

(46) "मंकी बोर्ड" से ऐसा चल या स्थिर प्लेटफार्म अभिप्रेत है जिस पर कार्यरत व्यक्ति डेरिक पर रखी हुई पाइपों या अन्य उपस्कर को संभालने के लिए खड़े होते हैं;

(47) "पंक" के ऐसा द्रव अभिप्रेत है जिसे घूर्णी वेधन और वर्कओवर संक्रियाओं के दौरान कप बोट के द्वारा परिसंचरण किया जाता है;

(48) "पंक गर्त्त" से ऐसा कुंड या टंकी अभिप्रेत है जिसके द्वारा वेधन पंक को रेत सूक्ष्म अवसादों को नीचे बैठ जाने के लिए चकित किया जाता है जहां कि योगशील पंक के साथ मिश्रित हो और जहां तरल पदार्थ को कूप में दोबारा पम्प किए जाने से पहले अस्थायी रूप से संचित किया जाता है;

(49) "पंक-पम्प" से अभिप्रेत है एक तरफा या दो तरफा शाहद कार्यकारी पंप जिसका उपयोग सामान्य संक्रिया के अधीन ड्रिल पाइप के नीचे और बलयिका से ऊपर पंक परिसंचरण करने के लिए किया जाता है;

(50) "पदधारी" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक द्वारा खान, या उसके किसी भाग में पर्यवेक्षण के विशेष कर्तव्यों का पालन करने के लिए, लिखित में नियुक्त किया गया है और इसके अन्तर्गत संस्थापन प्रबंधक सुरक्षा अधिकारी और अग्नि शमन अधिकारी है।

(51) "तेल कूप" से अभिप्रेत है ऐसा कूप जिससे किसी तेल धारक खान से निरन्तर उत्पादन होता रहता है या ऐसा कूप जिसमें कैसिंग अनुमानित परिस्थितियों के अधीन तेल के निरन्तर उत्पादन के लिए चलाया जाता है ;

(52) "तेल सेवर" से अभिप्रेत है तार-रज्जू औजारों को प्रचालित करते समय तेल या गैस को कम से कम निकालने के लिए नियंत्रक हैड के शीर्ष पर का ग्लैंड।

(53) "पेट्रोलियम वर्ग क और ख" का वही अर्थ है जो भारतीय पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 में दिया गया है ;

(54) "पाइप रैक" से रिग फलोर के स्तर से लगी हुई किन्तु सामान्यता उससे नीचे, अवस्थित संरचना अभिप्रेत है जिस पर पाइप या केसिंग को संचित किया जा सकेगा या रखा जा सकेगा;

(55) "मंच" से व्यक्तियों का कार्यकरण स्थान अभिप्रेत है, जो मशीनरी और उपस्कर के प्रचालन के लिए प्रतिवेशी फ्लोर या भूमि के ऊपर उठा रहता है

(56) "तिमाही" से 31 मार्च, 30 जून, 30 सितम्बर या 31 दिसम्बर को समाप्त होने वाली तीन माह की अवधि अभिप्रेत है ;

(57) "रैक पर रखा जाना" डेरिक या दंड पर खड़े या पाइप रैक पर संचित नलिकाकार माल या छड़ों के प्रति निर्देश है ;

(58) "रैकिंग मंच" से ऊंचाई पर के डेरिक या दंड में का मंच अभिप्रेत है में जहां सामान्यतया डेरिकमैन में रैक पर रखी गई पाइपों को संभालने के लिए अपेक्षा की जाती है ;

(59) "रेल" से भारतीय रेल अधिनियम, 1980 (1980 का 9), में यथा परिभाषित रेल अभिप्रेत है।

(60) "प्रादेशिक निरीक्षक" से ऐसे प्रदेश या स्थानीय क्षेत्र या क्षेत्रों का जिसमें खान स्थित है, या खानों के ऐसे समूह या वर्ग

का, जिस समूह या वर्ग की वह खान है जिस पर वह अधिनियम के अधीन अपनी शक्ति का प्रयोग करता है, भारसाधक खान निरीक्षक अभिप्रेत है ;

(61) "रिग खड़ा करना" से वेधन संक्रियाओं के प्रारम्भ से पहले वेधन रिग और सहायक उपस्कर का संमंजन कार्य अभिप्रेत है;

(62) "घुर्णी होज" से ऐसा होज अभिप्रेत है जो स्टैंड पाईप से घूर्णमान और कैली तक परिसंचारी तरल का संचालन करता है ;

(63) "घुर्णी टेबल" से मुख्यतः वेधन स्ट्रिंग को घुमाने के लिए प्रयुक्त रिग फ्लोर पर शक्ति प्रचालित घूर्णन टेबल अभिप्रेत है;

(64) "सुरक्षित क्षेत्र" से ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है जिसका कोई भी भाग जोखिम वाले क्षेत्र के भीतर नहीं है ;

(65) "अनुसूची" से इन विनियमों से उपाबद्ध कोई अनुसूची अभिप्रेत है ;

(66) "बेधी" से अभिप्रेत है जिसकी पाईप या छड़ के चूड़ीदार सिरे को ऐसी ही किसी अन्य के युग्मन में निविष्ट करना ;

(67) "स्टैंड" से अभिप्रेत है पाईपों के ऐसे सेक्शन जिनकी लम्बाई दो या अधिक पाईपों को जोड़कर बनी है और जो डेरिक या दंड में खड़े है या रैक पर रखे गए हैं ;

(68) "मानक रेलिंग" से व्यक्तियों के गिरने से रोकने के लिए फलोर की खुली जगह, दीवाल की खुली जगह, रैम्प मंच या पैदलमार्ग के खुले किनारों के साथ-साथ बने अध्यधिर रोक अभिप्रेत है ;

(69) "उप संरचना" से ऐसी नीव अभिप्रेत है जिस पर सामान्यतया डेरिक और इंजन बैठाए जाते हैं। उप संरचना की ऊंचाई, विशिष्ट संक्रिया के लिए अपेक्षित उपस्कर पर, जैसेकि विफल विस्फोट निरोधक पर निर्भर रहते हुए भिन्न भिन्न होती है ;

(70) "स्वाबिंग" से तार रज्जू पर की उत्थापन युक्ति से, जब कूप सामान्य रूप से न बह रहा हो, तब, तरल को सतह पर लाने की संक्रिया अभिप्रेत है। यह इस तथ्य को अवधारित करने के लिए एक अस्थायी संक्रिया है। कि कूप को बहाया जा सकता या नहीं या तेल को सतह पर लाने के लिए उसमें कृत्रिम उत्थापन या उद्दीपन अपेक्षित है या नहीं ;

(71) "टो बोर्ड" से सामग्री के गिरने से रोकने के लिए फलोर की खुली जगह, दीवाल की खुली जगह, मंच, पैदल मार्ग या रैम्प के खुले किनारों के साथ-साथ बने फलोर स्तर पर अध्यधिर रोक अभिप्रेत है ;

(72) "विषैली धूल/गैस" से ऐसी कोई धूल या गैस अभिप्रेत है जिससे एक या एक से अधिक शारीरिक तंत्र की सामान्य शारीरिक प्रक्रिया में परिवर्तनीय या अपरिवर्तनीय गड़बड़ी हो सकती है;

(73) "जल ब्लाक" के वेधनस्ट्रिंग केसिंग नलिका छड़ों और अन्य औजारों को ऊपर उठाने और नीचे करने के लिए स्थिर क्राउन-ब्लाक के साथ प्रयुक्त बहु चरखीदार पुली ब्लाक अभिप्रेत है ;

(74) "कूप" से अभिप्रेत है भूमि के अन्दर—

(क) वेधन या बोरिंग या किसी अन्य रीति से किया गया या किया जा रहा छिद्र जिससे कोई पेट्रोलियम या प्राकृतिक गैस प्राप्त की जाती है या प्राप्त है या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए है ;

(ख) जल प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए अन्तः क्षेपण करने या प्राकृतिक गैस, वायु जल या किसी अन्य पदार्थ को भूमिगत शैलसमूह में अन्तः क्षेपण करने के लिए उपयोग किया गया, वेधन किया गया है या वेधन किया जा रहा छिद्र; कोई छिद्र अभिप्रेत है ;

(75) "कूप शीर्ष" से अभिप्रेत है कूप केसिंग स्ट्रिंगों के शीर्ष पर निकासियों और वाल्वों सहित उत्पादन के बहाव को नियंत्रित करने के लिए समंजन ;

(76) "कूप छिद्रण" से अभिप्रेत है कूप केसिंग और/या सीमेन्ट को छिद्रित करना जिससे कि उत्पादन के लिए या परीक्षण करने या विभंग करने के प्रयोजन के लिए प्रवाह-मार्ग की व्यवस्था हो सके ;

(77) "वर्क ओवर या कूप सर्विसिंग" से अभिप्रेत है किसी तेल उत्पादक कूप पर उत्पादन को फिर चालू करने और बढ़ाने की आशा से एक या एक से अधिक प्रकार की उपचारी संक्रियाओं का किया जाना। ऐसी संक्रियाओं के उदाहरण है खुरचन गहरा करना, प्लगिंग बैक, अभिकर्षण और पुनः नियोजन लाईन, निष्पीडण, संयोजन, विस्फोट और अम्लन;

(78) 'जोन जोखिमवाला क्षेत्र" से वह अभिप्रेत है जहां जोखिमवाला वातावरण निरंतर मौजूद रहता है ;

(79) "जोन/जोखिमवाला क्षेत्र" से वह क्षेत्र अभिप्रेत है जहां सामान्य संक्रियात्मक शर्तों के अधीन रहते हुए जोखिमवाला वातावरण पाए जाने की संभावना है ;

(80) "जोन 2 जोखिमवाला क्षेत्र" से वह क्षेत्र अभिप्रेत है जहां असामान्य संक्रियात्मक शर्तों के अधीन रहते हुए जोखिमवाला वातावरण पाए जाने की संभावना है।

अध्याय 2—विवरणियां, सूचनाएं और रेखांक

3. विवृत्त करने की सूचना :—(1) अधिनियम की धारा 16 द्वारा अपेक्षित सूचना प्ररूप 1 में प्रस्तुत की जाएगी।

(2) जब कोई खान विवृत्त की गई है तब उसका स्वामी, अभिकर्ता या प्रबन्धक विवृत्त करने की वास्तविक तारीख की संसूचना मुख्य निरीक्षक और प्रादेशिक निरीक्षक को तत्काल देगा।

4. तिमाही विवरणियां:—स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, प्रत्येक वर्ष जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर के 20वें दिन या उसके पूर्व प्ररूप 2 में पूर्ववर्ती तिमाही की बाबत शुद्ध विवरणियां मुख्य निरीक्षक और प्रादेशिक निरीक्षक को प्रस्तुत करेगा।

5. वार्षिक विवरणियां:- स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, प्रत्येक वर्ष फरवरी के 20वें दिन या उसके पूर्व, प्ररूप 3 में पूर्ववर्ती वर्ष की बाबत वार्षिक विवरणियां जिला मजिस्ट्रेट और मुख्य निरीक्षक को प्रस्तुत करेगा ।

6. नाम और पते, आदि में परिवर्तन:- (1) जब किसी खान के नाम या स्वामित्व में या स्वामी के पते में कोई परिवर्तन हो जाए तब स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, परिवर्तन की तारीख से सात दिन के भीतर मुख्य निरीक्षक और प्रादेशिक निरीक्षक को प्ररूप 1 में सूचना देगा ।

(2) जब किसी अभिकर्ता, प्रबंधक, प्रतिष्ठापन प्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी या अग्निशमन अधिकारी की नियुक्ति की जाती है या जब ऐसे किसी व्यक्ति का नियोजन पर्यवसित कर दिया जाता है या ऐसा व्यक्ति उक्त नियोजन को छोड़ देता है या जब किसी अभिकर्ता या प्रबंधक के पते में कोई परिवर्तन हो जाता है तब स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, ऐसी नियुक्ति, पर्यवसान या परिवर्तन की तारीख से सात दिन के भीतर मुख्य निरीक्षक और प्रादेशिक निरीक्षक को प्ररूप 1 में सूचना देगा ।

7. दुर्घटना की सूचना:—(1) जब किसी खान में या उसके आसपास—

(i) खनन संक्रियाओं के संबंध में कोई ऐसी दुर्घटना हो जाए जिससे जीवन की हानि या गम्भीर शारीरिक क्षति कारित हुई हो ;

(ii) कोई विस्फोट या ज्वलन घटित हो जाए;

(iii) विफल विस्फोट हो जाए;

(iv) आग लग जाए;

(v) कोई पाईप लाईन या अपरिष्कृत तेल, प्राकृतिक गैस, वाष्प, सम्पीड़ित वायु या अन्य पदार्थ वाला कोई उपस्कर वायुमंडलीय दाब से अधिक दाब पर फट जाए;

(vi) कार्यण संबंधी, वेधन लाईन का कोई आवश्यक भाग भंग हो जाए या टूट जाए या आघात रोक खराब हो जाए;

(vii) किसी डेरिक, मास्ट, मशीनरी या साधित्र का कोई आवश्यक भाग भंग हो जाए, टूट जाए या खराब हो जाए जिससे व्यक्तियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाए;

(viii) अग्नायकर गैसों का अन्तर्वाह घटित हो जाए,

(ix) विस्फोट के कारण कोई दुर्घटना हो जाए, तब स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक टेलीफोन से या एक्सप्रेस तार द्वारा या विशेष संदेश वाहक द्वारा प्रादेशिक निरीक्षक को तत्काल सूचित करेगा और प्रत्येक ऐसी घटना के 24 घंटे के भीतर उसकी सूचना प्ररूप 4 में जिला मजिस्ट्रेट, मुख्य निरीक्षक, प्रादेशिक निरीक्षक को भी देगा।

(2) जब खान में या उसके आसपास विद्युत ऊर्जा के उत्पादन संचयन, रूपांतरण पारेषण, प्रदाय या उपयोग के संबंध में जीवन की हानि या गंभीर शारीरिक क्षतिकारित करने वाली कोई दुर्घटना हो जाए, तब स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक खानों के विद्युत निरीक्षक को टेलीफोन एक्सप्रेस तार या विशेष संदेशवाहक द्वारा तत्काल सूचित करेगा।

(3) यदि उप विनियम (1) और विनियम (2) के अधीन गंभीर रूप में पहले रिपोर्ट की गई किसी क्षति से मृत्यु हो जाती है, तो स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक मृत्यु की सूचना प्राप्त होने के 24 घंटों के भीतर, उसकी सूचना जिला मजिस्ट्रेट मुख्य निरीक्षक और प्रादेशिक निरीक्षक को देगा।

(4) स्वामी, अभिकर्ता या प्रबन्धक मारे या क्षत प्रत्येक व्यक्ति की बाबत विनिर्दिष्टियां यथास्थिति, ऐसी घटना के सात दिन के भीतर या क्षत व्यक्ति के ड्यूटी पर लौटने के 15 दिन के भीतर प्ररूप 5 और 6 में मुख्य निरीक्षक को भेजेगा।

8. रोग की सूचना :—जहां किसी खान में नियोजित किसी व्यक्ति को केन्द्रीय सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचित कोई रोग हो जाता है वहां स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक रोग की सूचना मिलने के तीन दिन के भीतर उसकी सूचना प्ररूप 7 में जिला मजिस्ट्रेट, मुख्य निरीक्षक, प्रादेशिक निरीक्षक और खान निरीक्षक (चिकित्सा) को देगा।

9. रेखांक :—(1) प्रत्येक खान का स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक निम्न लिखित रेखांक रखेगा :—

(क) एक मूल रेखांक जिसमें सम्यक् रूप से सीमांकित वह क्षेत्र दिखाया जाएगा जिसमें पेट्रोलियम या प्राकृतिक गैस या दोनों के निष्कासन के लिए संक्रियाएं और आनुषंगिक संक्रियाएं की जाती हैं।

(ख) एक रेखांक, जिसमें खंड (क) में उल्लिखित निष्कासन क्षेत्र के भीतर तेल गैस और परित्यक्त कूपों, संग्रहण केन्द्रों, पाईप लाईनों जिनके अन्तर्गत उनके पहुंच मार्ग भी हैं, रेल विद्युत पारेषण लाइन, लोक मार्ग या भवन या ऐसी अन्य स्थायी संरचनाओं जो स्वामी की नहीं है, नदियों और जलमार्गों का अवस्थान दिखाया जाएगा।

(2) उप विनियम (1) के खंड (क) में उल्लिखित रेखांक में खान और उसके स्वामी का नाम, तारीख और मापक्रम के साथ भौगोलिक उत्तर या चुम्बकीय याम्योत्तर दिखाएं जाएंगे।

अध्याय 3—खान पदधारी और उनके कर्तव्य

10. निरीक्षकों की अर्हताएं—(1) इन विनियमों के प्रवृत्त हो जाने के पश्चात कोई भी नया व्यक्ति मुख्य निरीक्षक के रूप में तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक उसके पास, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किसी शिक्षा संस्था की खनन इंजीनियरी में डिग्री या डिप्लोमा न हो।

(2) इन विनियमों के प्रवृत्त हो जाने के पश्चात् कोई भी व्यक्ति निरीक्षक के रूप में तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक उसके पास केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किसी शिक्षा संस्था की खनन या पेट्रोलियम, इंजीनियरी में डिग्री या डिप्लोमा न हो : परन्तु—

(1) खानों में प्रतिष्ठापित वैद्युत मशीनरी के संबंध में, उस व्यक्ति को इस प्रकार नियुक्त किया जा सकेगा जिसके पास केन्द्रीय सरकार के द्वारा अनुमोदित किसी शिक्षा संस्था की वैद्युत इंजीनियरी में डिग्री या डिप्लोमा हो;

(2) खानों में प्रतिष्ठापित अन्य मशीनरी या यांत्रिक साधित्रों के संबंध में उस व्यक्ति को इस प्रकार नियुक्त किया जा सकेगा जिसके पास केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किसी शिक्षा संस्था की यांत्रिक इंजीनियरी में डिग्री या डिप्लोमा हो ;

(3) अधिनियम और तद्धीन बनाए गए विनियमों और आदेशों के ऐसे उपबंधों के संबंध में, जो व्यक्तियों के स्वास्थ्य और कल्याण विषयक बातों से संबंधित हैं, उस व्यक्ति को, जिसके पास केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किसी शिक्षा संस्था की, यथास्थिति, आयुविज्ञान, शल्य-चिकित्सा और/या श्रम कल्याण जैसे समाज विज्ञान में डिग्री या डिप्लोमा हो, या उस व्यक्ति को, जिसके पास ऐसी अन्य अर्हताएं हो, जो केन्द्रीय सरकार इस निमित्त अनुमोदित करे, इस प्रकार नियुक्त किया जा सकेगा।

अध्याय 3—खान पदधारी और उनके कर्तव्य

11. परिभाषा : इस अध्याय के प्रयोजन के लिए, स्वामी या अभिकर्ता द्वारा सम्यक रूप से सीमांकित किसी क्षेत्र में पेट्रोलियम या प्राकृतिक गैस या दोनों के निष्कासन से संबंधित तेल और गैस कूपों तथा सभी संस्थापनों के बारे में यह समझा जाएगा कि वे एक खान के रूप में हैं :

परन्तु जहां विशेष परिस्थितियां विद्यमान हों, वहां मुख्य निरीक्षक लिखित आदेश द्वारा और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो वह उसमें विनिर्दिष्ट करे, ऐसे किसी एक क्षेत्र के दो या उससे अधिक अलग-अलग खानों में विभाजन के लिए अनुज्ञा दे सकेगा या अपेक्षा कर सकेगा।

12. प्रबंधकों की नियुक्ति : कोई भी खान तब तक विवृत नहीं की जाएगी, उसमें काम नहीं किया जाएगा या उसे पुनः विवृत नहीं किया जाएगा जब तक कि उस खान का प्रबंधक ऐसे व्यक्ति न हो जिसे सम्यक् रूप से नियुक्त किया गया हो। यदि कोई ऐसा प्रश्न उठता है कि क्या इस प्रकार नियुक्त किया गया कोई व्यक्ति प्रबंधक के कर्तव्य का पालन करने में सक्षम है इसका विनिश्चय महानिदेशक करेगा।

13. संस्थापन प्रबंधक की नियुक्ति : (1) प्रत्येक खान में खान के विभिन्न संस्थापनों का भारसाधन धारण करने के लिए एक या अधिक संस्थापन प्रबंधक नियुक्त किए जाएंगे।

(2) कोई संस्थापन प्रबंधक एक से अधिक संस्थानों का भारसाधन धारण कर सकेगा :

परन्तु जहां प्रादेशिक निरीक्षक की यह राय है कि किसी खान में विद्यमान परिस्थितियों के कारण से संस्थापन प्रबंधक के लिए यह संभव नहीं है कि वह उचित रीति से अपने कर्तव्य का पालन कर सके, वहां

वह लिखित आदेश द्वारा और उनके लिए जो कारण हैं उन्हें उसमें लेख-बद्ध करके, उतनी संख्या में संस्थापन प्रबंधकों की नियुक्ति की अपेक्षा कर सकेगा जितनी वह आदेश में विनिर्दिष्ट करे।

14. सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति : प्रत्येक खान का स्वामी या अभिकर्ता कार्य स्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य की अभिवृद्धि के लिए प्रबंधक की सहायता करने के लिए ऐसे सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति करेगा जिसके पास स्वामी या अभिकर्ता के सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार कौशल है और जो नियुक्ति के लिए उपयुक्त रूप से सक्षम है। संदेह की दशा में मुख्य निरीक्षक विनिश्चय करेगा।

15. अग्नि शमन अधिकारी की नियुक्ति :—(1) प्रत्येक खान में आग बुझाने के लिए और अग्नि निरोधक उपायों के संबंध में प्रबंधक को सलाह देने के लिए एक या अधिक व्यक्तियों का अग्नि शमन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

(2) किसी भी व्यक्ति को, एक से अधिक खान के अग्नि शमन अधिकारी के रूप में या उसी खान में किसी अन्य हैसियत में प्रादेशिक निरीक्षक की लिखित पूर्व अनुज्ञा के बिना और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो वह उसमें विनिर्दिष्ट करे, नियुक्त नहीं किया जाएगा।

16. सक्षम व्यक्तियों की नियुक्ति :—(1) प्रत्येक स्थान का स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक उतने सक्षम व्यक्ति नियुक्त करेंगे जितने प्रत्येक काम की पारी के दौरान निम्नलिखित के संबंध में सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त हों :—

(क) संस्थापन और उसके उपस्कर का पर्याप्त निरीक्षण,

(ख) संस्थापन में की सभी संक्रियाओं का पूरी तरह पर्यवेक्षण;

(ग) खान में की सभी मशीनरी का काम करने की निरापद दशा में संस्थापन, परिचालन और अनुरक्षण; और

(घ) अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए विनियमों की अपेक्षाओं का प्रवर्तन;

(2) उपविनियम (1) के अधीन की गई सभी नियुक्तियां और सक्षम व्यक्ति को सौंपे गए कर्तव्यों की प्रतियां इस प्रयोजन के लिए रखी गई जिल्दबंद पृष्ठांकित पुस्तक में दर्ज की जाएंगी। ऐसे सभी सक्षम व्यक्तियों की एक सूची भी बनाए रखी जाएगी।

17. साधारण प्रबंध :—(1) स्वामी, अभिकर्ता, और प्रबंधक खान में नियोजित व्यक्तियों की सुरक्षा और उनके उचित अनुशासन की व्यवस्था करेगा।

(2) सिवाय आपात की दशा में, कोई भी ऐसा व्यक्ति जो पदधारी या सक्षम व्यक्ति नहीं है, खान में नियोजित किसी ऐसे व्यक्ति को, जो प्रबंधक के प्रति उत्तरदायी है, प्रबंधक के माध्यम से अन्यथा अनुदेश नहीं देगा।

18. खानों में नियोजित व्यक्तियों के कर्तव्य :—(1) प्रत्येक, व्यक्ति, अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए विनियमों और किए गए आदेशों के उपबंधों का और व्यक्तियों की सुरक्षा या सुविधा की दृष्टि से प्रबंधक या किसी पदधारी द्वारा जारी किए गए किसी आदेश या निदेश का जो अधिनियम और इन विनियमों से असंगत न हो, सर्वथा पालन करेगा, और वह ऐसे आदेशों या निदेशों के पालन में उपेक्षा या उनके पालन से इंकार नहीं करेगा।

(2) कार्य प्रारम्भ करने के पहले प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्य स्थान को और उस उपस्कर का जिसका उसे उपयोग करना है, पड़ताल करेगा और कोई खतरनाक त्रुटि पाए जाने पर उसकी रिपोर्ट अपने वरिष्ठ को तत्काल करेगा।

(3) प्रत्येक व्यक्ति ऐसे रक्षापायों, सुरक्षा युक्तियों और अन्य साधित्रों का उचित उपयोग करेगा जिनका प्रबंध उसकी संरक्षा या अन्य व्यक्तियों की संरक्षा के लिए किया गया है।

(4) सिवाय आपात की दशा में कोई भी व्यक्ति, जब तक कि वह सम्यक् रूप से प्राधिकृत न हो ऐसी किसी सुरक्षा युक्ति या अन्य साधित्र में जिनका प्रबंध उसकी संरक्षा या अन्य व्यक्तियों की संरक्षा के लिए किया गया है, बाधा नहीं डालेगा, उसे हटाएगा नहीं, उसमें परिवर्तन नहीं करेगा या उसका स्थानांतरण नहीं करेगा या दुर्घटना और स्वास्थ्य को हानि से बचने की दृष्टि से अंगीकृत किसी पद्धति या प्रक्रिया में बाधा नहीं डालेगा।

(5) कोई भी व्यक्ति कर्तव्य पर रहने के दौरान क्षति कारित करने के आशय से कोई पत्थर या अन्य अस्त्र नहीं फेंकेगा या लड़ाई नहीं करेगा या हिंसात्मक रीति का आचरण नहीं करेगा।

(6) कोई भी व्यक्ति किसी खतरनाक स्थान जैसे पाड़ या कोनों पर या खतरनाक या विषैले पदार्थों के आसपास, चालू मशीनों या यानों और भारी उपस्कर के पास नहीं सोएगा या विश्राम करेगा।

(7) प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों के और मौसम के अनुकूल संरक्षा उपस्कर और कपड़े पहनेगा।

(8) ऐसा प्रत्येक व्यक्ति, जिसे उसके कर्तव्य के दौरान कोई क्षति पहुंचती है, उस क्षति की रिपोर्ट यथासंभव शीघ्र किसी पदधारी को या प्राथमिक उपचार केन्द्र के भारसाधक सक्षम व्यक्ति को करेगा जो क्षती व्यक्ति के लिए आवश्यक प्राथमिक उपकार की व्यवस्था करेगा।

19. **प्रबंधकों के कर्तव्य** :—(1) प्रत्येक खान में, प्रबंधक प्रतिदिन स्वयं पर्यवेक्षण करेगा।

(2) प्रबंधक इस बात का ध्यान रखेगा कि अधिनियम, उसके विनियमों और उसके अधीन किए गए आदेशों के उपबंधों के पालन के प्रयोजन के लिए और खान और उसमें नियोजित व्यक्तियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उचित सामग्री और साधित्रों के पर्याप्त प्रदाय की व्यवस्था खान में सदा की जाती है; और यदि वह खान का स्वामी या अभिकर्ता नहीं है तथा पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए कोई ऐसी वस्तु अपेक्षित हो जिसके लिए आदेश देने के लिए वह सक्षम नहीं है तो वह स्वामी या अभिकर्ता को लिखित रूप में रिपोर्ट करेगा। ऐसी प्रत्येक रिपोर्ट की प्रति इस प्रयोजन के लिए रखी गई जिल्दबंद-पृष्ठांकित पुस्तक में अभिलिखित की जाएगी।

(3) प्रबन्धक, प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को उसका विशिष्ट कर्तव्य सौंपेगा और उसकी नियुक्ति पर, उसे ऐसे विनियमों, नियमों और उपविधियों की और उनके अधीन किए गए किन्हीं आदेशों की जो उस पर प्रभाव डालते हों, प्रति देगा और यह सुनिश्चित करने के लिए सब संभव कार्यवाही करेगा कि ऐसा प्रत्येक व्यक्ति उनमें दिए गए उपबन्धों को उचित रूप से समझे कार्यान्वित करे और प्रवर्तित कराए।

(4) प्रबंधक, ऐसी सभी रिपोर्टों, रजिस्टरों और अन्य अभिलेखों की जिनका अधिनियम उसके विनियमों और उनके अधीन किए गए आदेशों के अनुसरण में बनाया जाना या रखा जाना अपेक्षित है, परीक्षा करेगा और उन पर तारीख के साथ प्रतिहस्ताक्षर करेगा। किन्तु, वह यह कर्तव्य किसी संस्थापन प्रबंधक या अन्य पदधारी को लिखित आदेश द्वारा प्रत्यायोजित कर सकेगा।

(5) प्रबंधक, किसी ऐसे विनिर्दिष्ट अभ्यावेदन या शिकायत पर, जो उसे खान के किसी कर्मकार द्वारा खान में या उसके आसपास के व्यक्तियों की सुरक्षा या उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव डालने वाले किसी बाबत लिखित रूप में की जाए, ध्यान देगा या सावधानी पूर्वक अन्वेषण कराएगा।

(6) जब खान में किसी व्यक्ति को गंभीर शारीरिक क्षति या जीवन-हानि करने वाली कोई दुर्घटना हो जाए, तब प्रबंधक यथासंभव शीघ्र दुर्घटना-स्थल का निरीक्षण करेगा और वह, या तो स्वयं या सुरक्षा अधिकारी से दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच करेगा या करवाएगा। ऐसी प्रत्येक जांच के परिणाम और दुर्घटना स्थल का रेखांक तथा भाग वर्णित करते हुए घोरे घटना की तारीख से सात दिन के भीतर प्रादेशिक निरीक्षक को प्रस्तुत किए जाएंगे।

(7) प्रबंधक, ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करेगा जो इस निमित्त अधिनियम, उसके विनियमों और उनके अधीन किए गए आदेशों के अधीन विनिर्दिष्ट किए गए हों।

(8) प्रबंधक अधिनियम उसके विनियमों और उनके अधीन किए गए आदेशों के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करने के लिए कर्मकारों को निलंबित कर सकेगा या उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई कर सकेगा, जैसा वह ठीक समझे।

(9) प्रबंधक, इस प्रयोजन के लिए रखी गई जिल्दबंद पृष्ठांकित पुस्तक में डायरी रखेगा और उसमें अपने प्रत्येक निरीक्षण के निष्कर्ष लेखा अपने द्वारा उल्लिखित त्रुटियों के सुधार करने में की गई कार्रवाई को भी अभिलिखित करेगा।

20. संस्थापन प्रबंधक के कर्तव्य :—संस्थापन प्रबंधक निम्नलिखित कर्तव्यों का पालन करेगा :—

(1) वह ऐसे संस्थापनों का उत्तरदायित्वपूर्ण भारसाधन करेगा और उस पर नियंत्रण रखेगा और ऐसे कर्तव्यों का पालन करेगा जो प्रबंधक द्वारा उसे सौंपे जाएं।

(2) वह इस बात का ध्यान रखेगा कि उसकी नियुक्ति की सूचना स्थापन में ऐसे स्थान और ऐसी स्थिति में लगाई जाए जिससे कि उसे सुगमता से और सुविधापूर्वक पढ़ा जा सके।

(3) वह इस बात का ध्यान रखेगा कि उसे सौंपे गए संस्थापन में सब कार्य, अधिनियम उसके विनियमों और उनके अधीन किए गए आदेशों के उपबन्धों के अनुसार किया जा रहा है;

(4) वह प्रत्येक कार्यदिवस पर अपने भारसाधक के अधीन संस्थापनों का निरीक्षण और पड़ताल करेगा।

(5) वह इसका ध्यान रखेगा कि जब किसी पेषण रिंग, वर्क-ओवर रिंग और सहबद्ध उपस्कर या उत्पादन उपस्कर या पाइप लाइन का स्थानान्तरण किया जाता है या उसे नए रूप में संस्थापित किया जाता है तब उसका उपयोग किए जाने से पहले उसे परीक्षणार्थ चलाया जाता है और वह ऐसे प्रत्येक चलन-परीक्षण के दौरान उपस्थित रहेगा।

(6) वह इसका ध्यान रखेगा कि संस्थापन में नियोजित सभी व्यक्तियों को विकल विस्फोट और अग्नि को रोकने से संबंधित, इन विनियमों के अधीन किए गए स्थायी आदेशों के उपबन्धों के बारे में अच्छी तरह से अनुदेश दे दिया गया है और जानकारी दे दी गई है।

(7) वह इसका ध्यान रखेगा कि अधिनियम, उसके विनियमों और उनके अधीन किए गए आदेशों के मशीनरी और उपस्कर के संस्थापन, अनुरक्षण प्रचालन या परीक्षा से संबंधित उपबंध स्वयं अपने द्वारा या यथास्थिति इस प्रयोजन के लिए नियुक्त सक्षम व्यक्तियों या कर्मकारों द्वारा उचित रूप से पालन किए जाते हैं।

(8) जब किसी संस्थापन के संनिर्माण या किसी प्रचालन शेरीट के दौरान ऐसी कोई आपातस्थिति या आशंकित आपातस्थिति है जिससे किसी व्यक्ति के जीवन या उसकी सुरक्षा या संस्थापन की स्थिरता और सुरक्षा का संकटापन्न होता है तब वह ऐसे उपाय करेगा या ऐसे उपाय करने की अपेक्षा करेगा जो आपातस्थिति से बचने के लिए आवश्यक या समीचीन है।

(9) इन विनियमों में ऐसी अपेक्षा नहीं की जाएगी जो ऐसे उपायों को करने में प्रतिषिद्ध या निर्बन्धित करे।

21. सुरक्षा अधिकारी के कर्तव्य :—सुरक्षा अधिकारी निम्नलिखित कर्तव्यों का पालन करेगा :—

(1) वह, जितनी बार आवश्यक हो, खान के संस्थापनों का इस दृष्टि से निरीक्षण करेगा जिससे कि वह ऐसे अप्रकट खतरों को परिलक्षित कर सके जो किसी व्यक्ति को शारीरिक क्षति या उसके स्वास्थ्य का ह्रास कारित कर सकेंगे।

(2) वह खतरनाक स्थितियों को रोकने के लिए आवश्यक उपायों पर प्रबंधक को सलाह देगा।

(3) वह उन सभी दुर्घटनाओं की, चाहे उनमें व्यक्ति अन्तर्वलित हों या नहीं, परिस्थितियों और कारणों की जांच करेगा और ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए आवश्यक उपायों पर प्रबंधक को सलाह देगा।

(4) वह सुरक्षा पद्धतियों में अभिवृद्धि करने और कार्यकरणों पर्यावरण में सुधार करने की दृष्टि से दुर्घटनाओं और खतरनाक घटनाओं के संबंध में जानकारी इकट्ठा करेगा, उनका संकलन और विश्लेषण करेगा।

(5) वह इसका ध्यान रखेगा कि सभी नए कर्मकारों और ऐसे कर्मकारों को जिन्हें नए काम पर स्थानांतरित किया गया है, पर्याप्त सुरक्षा, प्रशिक्षण अनुदेश और मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

(6) वह अपने द्वारा निष्पादित कार्य का ब्यौरेवार अभिलेख करेगा।

22. अग्नि शमन अधिकारी के कर्तव्य :—अग्नि शमन अधिकारी निम्नलिखित कर्तव्यों का पालन करेगा :—

(1) वह, इस अधिनियम, विनियमों और उनके अधीन किए गए आदेशों के आग का पता चलाने और अग्नि शामक पद्धति से संबंधित उपबन्धों का पालन सुनिश्चित करेगा और आग बुझे पर्याप्त संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपायों पर प्रबंधक को सलाह देगा।

(2) वह अग्नि शामक उपस्कर का उचित अभिन्यास, संस्थापन और अनुरक्षण सुनिश्चित करेगा।

(3) वह इसका ध्यान रखेगा कि संभाव्य अग्नि स्थितियों के लिए पहले ही से अग्नि संबंधी योजना तैयार कर ली गई है।

(4) वह प्रारंभिक अग्निशामक कर्तव्यों के भारसाधक व्यक्तियों का नियमित प्रशिक्षण, विशिष्टतया पूर्व-अग्नि योजना सही आकार का अंदाजा लगाने और अग्नि से संबंधित समस्याओं से निपटने के संदर्भ में आयोजित करेगा।

(5) वह इसका ध्यान रखेगा कि अग्नि शामक कर्तव्यों के भारसाधक व्यक्ति कम से कम प्रत्येक मास में एक बार नकली आग संबंधी अभ्यास करें जिससे कि आग लगने पर उनकी प्रतिक्रिया की तत्परता और प्रभावी युक्तियों का अध्ययन किया जा सके।

(6) वह प्रत्येक मास में कम से कम एक बार खान में आग का पता लगाने तथा अग्नि शामक पद्धतियों की सभी युक्तियों और उपस्कर का निरीक्षण करेगा और उनमें किसी त्रुटि के बारे में प्रबंधक को रिपोर्ट करेगा;

(7) वह खान में कोई आग लगने के दौरान उसके नियंत्रण और बुझाने का सामान्य पर्यवेक्षण और समन्वय का प्रयोग करेगा।

(8) वह आग लगने के सभी कारणों और परिस्थितियों की इस दृष्टि से जांच करेगा जिससे कि भविष्य में आग लगने को रोका जा सके।

(9) वह अपने द्वारा निष्पादित कार्य का ब्यौरेवार अभिलेख रखेगा।

23. सक्षम व्यक्तियों के कर्तव्य.—(1) हर सक्षम व्यक्ति वरिष्ठ पदधारी के आदेशों के अधीन होगा।

(2) वह—

(क) अपने वरिष्ठ पदधारी की मंजूरी के बिना अपना कार्य करने के लिए दूसरे व्यक्ति को प्रतिनियुक्ति नहीं करेगा,

(ख) अपने वरिष्ठ पदधारी से पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किए बिना सम्यक् रूप से किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा अवमुक्तकृत बिना, अनुपस्थित नहीं रहेगा , और

(ग) ऐसे पदधारी की अनुज्ञा के बिना, अपनी पारी के दौरान उन कर्तव्यों से भिन्न कोई कर्तव्य नहीं करेगा जिनके लिए उसे नियुक्त किया गया है।

(3) वह अपने कार्य करने वाले स्थान पर कोई जोखिम वाली परिस्थिति होने पर उस जोखिम को दूर करने के लिए तुरन्त सुधार संबंधी उपाय करेगा।

अध्याय-4 खेदन

24. डेरिक.—(1) डेरिक का प्रत्येक भाग ठोस बनावट पर्याप्त सामर्थ्य का होगा तथा उसे काम करने की निरापद दशा में बनाए रखा जाएगा।

(2) डेरिक को दृढ़ता से एक दृढ़ आधार के साथ जोड़ा जाएगा और उसे वायु वेग के कारण उलटने से रोकने के लिए पर्याप्त रूप से कड़ा जाएगा।

25. डेरिक मंच और फ्लोर.—(1) प्रत्येक डेरिक या सवाह्य बूम पर आउट ब्लाक के कम से कम एक तरफ कम से कम 0.60 मीटर चौड़ा एक मंच के बाहरी कोरों पर कम से कम एक मीटर ऊंची दो छड़ों वाली रेलिंग और 0.15 मीटर ऊंचा टो-बोर्ड होंगे।

(2) प्रत्येक डेरिक या बूम पर व्यक्तियों के डेरिक पर रखी गई पाइप या अन्य उपस्कर संभालने के समय खड़े होने के लिए एक मंच की व्यवस्था की जाएगी। मंच, मंच के कार्यकरण कोर डेरिक के पर्व स्तंभों और गर्टों के पीछे वाले स्थान को पूर्ण रूप से आच्छादित करेंगे तथा उन्हें मजबूती से बांधा जाएगा।

(3) डेरिक मंचों के अन्दर के कार्यकरण कोर को इस प्रकार रखा जाएगा जिससे कि चल ब्लाक के सुरक्षित मार्ग के लिए पर्याप्त स्थान रहे

(4) मंचों फ्लेटों, और पैदल-मार्गों के खतरनाक बहिर्वेशिनों या बाधाओं से मुक्त रखा जाएगा और तेल ग्रीस, जल या उसी प्रकार के अन्य पदार्थों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त रखा जाएगा। जहां कहीं आवश्यक हो, फिसलन से बचने के लिए पर्याप्त संरक्षण दिया जाएगा।

26. सीढ़ियां. (1) प्रत्येक डेरिक पर सीढ़ी का प्रबन्ध किया जाएगा जिससे कि सभी उत्पादित चलता और कार्यकरण मंचों तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

(2) कार्यकरण मंचों पर सीढ़ी द्वारा पहुंच को रेलिंगों और टो-बोर्डों से उचित रूप से सुरक्षित किया जाएगा।

(3) प्रत्येक सीढ़ी या सीढ़ी सेक्शन का ऊपरी छोर मंच के ऊपर एक मीटर से अन्यून बढ़ा हुआ होगा।

(4) 6 मीटर से ऊपर की सीढ़ियों पर अधिक से अधिक 9 मीटर की अविच्छिन्न लम्बाई तक अवतरण मंचों या पंजरों की व्यवस्था की जाएगी।

(5) सभी अवतरण मंच को रेलिंगों और टो-बोर्डों से लैस करके ऐसी व्यवस्था की जाएगी जिससे कि सीढ़ी तक सुरक्षित पहुंच हो सके।

27. सुरक्षा पेटियां और रक्षा-रस्सी.—ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को, जो डेरिक या दण्ड के प्रथम गर्ट के ऊपर कार्य कर रहे हैं, अनुमोदित प्रकार की सुरक्षा पेटी और रक्षा-रस्सी की व्यवस्था की जाएगी और वह उसका उपयोग तब तक करेगा जब तक कि उसे ऊंचाई से गिरने के खतरे मुक्त अथवा सुरक्षित नहीं किया जाता।

28. बचाव-रज्जू.—प्रत्येक डेरिक पट एक बचाव पर रज्जू की इस रीति से संस्थापित करके व्यवस्था की जाएगी जिससे कि डेरिक से दूर हटा जा सके।

29. भार सूचक.—प्रत्येक बेधन रिग पर एक भार सूचक की व्यवस्था की जाएगी और उसका उपयोग उत्तोलन रस्सी से लटके हुए भार का सूचम सूचन रजिस्टर करने के लिए किया जाएगा।

30. बचाव निकास.—रिग फ्लोर क्षेत्र और प्रत्येक कर्षण संकर्म इंजन फ्लोर क्षेत्र में कम से कम दो बचाव निकास रिग के दूसरी ओर होंगे जिससे कि बेरोक बचाव हो सके।

31. जंगले, कटघरे और आड़े.—(1) फ्लोर खुली जगहों और फ्लोर-छिद्रों को मानक रेलिंग और टो-बोर्ड द्वारा तथा/या आड़ द्वारा रक्षित किया जाएगा।

(2) पार्श्वस्थ फ्लोर या भूमि तल के 1.8 मीटर या अधिक ऊपर किनारे से खुले हुए प्रत्येक फ्लोर या मंच को मानक रेलिंग द्वारा रक्षित किया जाएगा।

(3) सभी पंक टंकी के भागों के भीतर तब तक मानक रेलिंग की व्यवस्था की जाएगी जब तक कि पंक टंकियों में किसी व्यक्ति को गिरने से रोकने के लिए कोई अन्य साधन उपलब्ध नहीं कर दिया जाता।

(4) खतरनाक उपस्कर और इसी प्रकार की जोखिम वाली वस्तु के ऊपर या उसके पार्श्वस्थ किनारे से खुले हुए फ्लोरों, पैदल मार्गों मंचों या मार्गों को मानक रेलिंग और टो-बोर्ड द्वारा रक्षित किया जाएगा।

32. कर्षण संकर्म.—(1) कर्षण संकर्म के साथ एक उपयुक्त युक्ति लगायी जाएगी जिसका नियंत्रण वेधन करने वाले व्यक्ति के स्टैण्ड के पास होगा जिससे कि आपात की स्थिति में कर्षण संकर्म को रोका जा सके।

(2) किसी भी कर्षण संकर्म का प्रचालन तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि उसके सभी गार्ड अपने स्थान पर और चालू हालत में न हों।

(3) यदि स्नेहन फिटिंग, गाई, के स्थान के पहुंच के नहीं है तो मशीनरी को तेल डालने और ग्रीस लगाने के लिए रोक लिया जाएगा।

(4) कर्षण संकर्म के ब्रेकों, पावलों और फ्लेंजों की किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रत्येक 24 घण्टे में कम से कम एक बार परीक्षा की जाएगी। यदि ऐसी परीक्षा के दौरान किसी त्रुटि का पता चलता है तो कर्षण संकर्म का उपयोग तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसी त्रुटि को दूर नहीं कर दिया जाता।

33. कैटहैड और कैटलाइन.—(1) हस्त-प्रचालित कैटहैड को लाइन या रस्से का प्रथम आवरण का पृथक्करण सुनिश्चित करने के लिए एक गाइड विभाजक से लैस किया जाएगा।

(2) कैटहैड की मुख्य सीट और प्रेक्षेपी कुंजी को चिकने थिम्बिल या प्लेट से आच्छादित किया जाएगा।

(3) जब कोई कैटहैड प्रयोग में हो तब उसके नियंत्रणों पर एक सक्षम व्यक्ति होगा और किसी आपात की दशा में वह कैटहैड के घूर्णन को तुरन्त बंद कर देगा।

(4) कैटहैड का प्रचालक अपने प्रचालन क्षेत्र को साफ रखेगा और कैटलाइन के न उपयोग किए जाने वाले भाग को कुंडलित या स्थल रखेगा

34. टौंग्स : (1) चिकुल टौंग्स का उपयोग पूंछिकर टौंग्स के साथ पाइप के जोड़ों को कसने के लिए किया जाएगा।

(2) टॉग को प्रतिसंतुलन करने वाले भार और लाइनों पर आकस्मिक संस्पर्श को रोकने के लिए गार्डों की व्यवस्था की जाएगी।

(3) टॉग के सुरक्षा लाइनों के सिरों को कम से कम तीन तार-लाइन क्लैम्पों से जकड़ा जाएगा।

(4) वेधन करने वाले स्थान के सामने एक तलिकाकार स्तंभ संस्थापित किया जाएगा जिससे कि वह सुरक्षा लाइन के असफल होने की दशा में टॉग के पीछे की ओर दोलायमान होने पर संरक्षण दे सके।

35. सुरक्षा चैन: सभी टॉग, घूर्णी होज के सिरों और लटकी हुई चरखियों में सामान्य संबंधन के असफल होने की दशा में टेक देने के लिए सुरक्षा चैन लगाई जाएगी।

36. उत्तोलन लाइन (1) सभी उत्तोलन लाइनों (तार रस्सों) की परीक्षा सात दिन में एक बार किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा उन्हें देखकर किया जाएगा और तारों की ऊपरी दशा में, जैसे कि घिसाई, संरक्षण, भंगुरता और विभंग को, नोट किया जाएगा। प्रत्येक ऐसी परीक्षा की रिपोर्ट इस प्रयोजन के लिए रखी गई जिल्दबद्ध पृष्ठांकित पुस्तक में अभिलिखित की जाएगी और वह व्यक्ति उस पर तारीख डालकर हस्ताक्षर करेगा जिसने परीक्षण की है।

(2) यदि उपर्युक्त रूप में की गई किसी परीक्षा पर कोई ऐसा दोष या त्रुटि पाई जाती है जिसके द्वारा व्यक्ति की सुरक्षा खतरे में पड़ जाए तो, ऐसे दोष या त्रुटि की रिपोर्ट लिखित में तुरन्त संस्थापन प्रबंधक को की जाएगी और जब तक ऐसे दोष या त्रुटि को सुधार नहीं दिया जाता तब तक उत्तोलन लाइन का उपयोग नहीं किया जाएगा।

37. सामग्री संभालने के लिए रिगिंग उपस्कर: (1) सामग्री संभालने के लिए रिगिंग उपस्कर की, उनका उपयोग किए जाने से पूर्व और उसके दौरान यह सुनिश्चित करने के लिए जांच-पड़ताल की जाएगी कि वह सुरक्षित है।

(2) रिगिंग उपस्कर पर, उसके सिफारिश किए गए सुरक्षित कार्यकरण भार से अधिक भार नहीं लादा जाएगा।

38. सामग्री का संचयन: (1) एक दूसरे पर रख कर संचित सभी सामग्रियों को ढेर लगा कर, फिसलने, गिरने या बह जाने से रोकने के लिए शिकंजे में फंसा कर या अन्यथा अकड़ कर रखा जाएगा।

(2) रास्तों को निर्बाध रखा जाएगा जिससे कि सामग्री संभालने वाले उपस्कर या व्यक्ति अबाध और सुरक्षित रूप से आ जा सकें।

39. पाइप रैकों का निर्माण और लदाई (1) पाइप रैकों के निर्माण का डिजाइन इस प्रकार किया जाएगा जिससे कि वे उस पर लादे गए किसी भार को टेक दे सकें।

(2) पाइप, तलिकाकार सामग्री या अन्य गोल सामग्री को पाइप रैकों से लुढ़कने से रोकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

(3) लदाई, उतराई और अन्तरण संक्रियाओं के दौरान कोई भी व्यक्ति पाइप रैकों और किसी पाइप-भार के बीच नहीं जाएगा।

40. रिग को खड़ा करना और रिग को खोलना: (1) जब तक कार्य करने के स्थान में पर्याप्त सामान्य प्रकाश की व्यवस्थाएं नहीं की जाती हैं तब तक भारी भार को उठाने और संस्थापन करने का कार्य दिन के प्रकाश में किया जाएगा।

(2) सभी खुले भाग मजबूती से बांधे जाएंगे।

(3) गाई लाइनें, हाई लाइनें, स्तंभ लाइनें और ऐसी अन्य लाइनें, जो आवश्यक हों किसी विद्युत पारेषण लाइन के छह मीटर के भीतर संस्थापित नहीं की जाएंगी।

(4) अन्तर्दहन इंजन के निष्कासक के साथ अग्नि रोक प्रभावी स्फुलिंग रोधक की व्यवस्था की जाएगी

(5) उच्च दाब परिसंचारी तरल लाइनों और वाष्प लाइनों को, पैदलमार्गों, फ्लोरों और मंचों के नीचे से ले जाया जाएगा और मजबूती से बोल्ट किया जाएगा।

(6) प्रत्येक वेधन रिग में एक स्वचालित युक्ति की व्यवस्था की जाएगी जो आरोही चल ब्लाक को क्राउन ब्लाक के पास दो मीटर से अधिक आने से रोकेगी।

(7) रिग को खोलते समय ऊपर शीर्ष का किसी चीज को फिसलने या गिरने से मुक्त मंच सुरक्षित किया जाएगा।

(8) ऊपर से घटकों को जिसके अन्तर्गत नट, बोल्ट और क्लीट भी है, या तो एक बंडल में या आधानों में सुरक्षापूर्वक नीचे उतारा जाएगा।

41. पंक टंकियां और पंक पम्पे: (1) पंक टंकियों को इस प्रकार से डिजाइन और संस्थापित किया जाएगा जिससे कि पंक पंपों के लिए पार्जिटिव चूषण की व्यवस्था हो सके।

(2) वेधन रिग से लगे हुए सभी पंक पंपों में सुरक्षा दाब मोचन वाल्व और पाइपों में एक प्रचालन गेज लगाया जाएगा। वाल्व को पम्प, पाइप और फिटिंगों के स्थापित कार्यकरण दाब से अधिक दाब पर विसर्जन करने के लिए नियत नहीं किया जाएगा।

(3) सुरक्षा दाब मोचन वाल्व से होने वाले विसर्जन को पाइप से ऐसे स्थान पर ले जाया जाएगा जहां वह व्यक्तियों को संकटापन्न नहीं करेगा।

(4) किसी पंप और उसके सुरक्षा दाब मोचन वाल्व के बीच कोई वाल्व नहीं होगा।

42. विफल विस्फोट निरोध उपस्कर: (1) किसी कूप में पृष्ठीय केसिंग नियत किए जाने के पश्चात कोई वेधन तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि विफल विस्फोट निरोध उपस्कर सुरक्षित रूप से संस्थापित नहीं कर दिया जाता और उसे बनाए नहीं रखा जाता।

(2) विफल विस्फोट उपस्कर में कम से कम निम्नलिखित होंगे :—

(क) इस बात को ध्यान में लाए बिना कि वेधन उपस्कर छिद्र में है या नहीं, बंद करने के लिए एक वैकल्पिक निरोधक;

(ख) किसी खुले छिद्र को बंद करने के लिए एक अप्रत्यक्ष रैम निरोधक और

(ग) छिद्र में उपयोग में वेधन उपस्कर को बंद करने के लिए अप्रत्यक्ष रैम निरोधक के नीचे अवस्थित एक पाइप रैम निरोधक।

(3) विफल विस्फोट निरोध उपस्कर के अन्तर्गत कम से कम 50 मिलीमीटर व्यास की दो सीवनहीन इस्पात की पाइपें एक दाब के स्तवण लिए और एक कूप के हनन के लिए होंगी और वे विफल विस्फोट निरोधक समंजन से जुड़ी होंगी। पाइपें सीधी होंगी और वेधन मंच की दूसरी ओर ले जाई जाएंगी। प्रत्येक पाइपलाइन, विफल विस्फोट निरोधकों के कम से कम एक मेटर के नीचे अवस्थित की जाएगी।

(4) प्रत्येक पाइप लाइन में ऐसे संघट होंगे जिनका कार्यकरण दाब, विफल विस्फोट निरोधक के बराबर होगा।

(5) स्राव लाइन को जकड़ कर बांधा जाएगा और किसी ऐसे उपयुक्त बहुमुख से जोड़ा जाएगा जो बहाव को, किसी पूर्ण खुली लाइन से या दो लाइनों में से किसी लाइन से, प्रत्येक लाइन समायोज्य चोक से युक्त और पंक गैस पृथक्त्र द्वारा किसी पंक-टंकी से जुड़ी होगी, मुड़ जाने देगा।

43. विफल विस्फोट निरोधकों के लिए नियंत्रण पद्धति :— (1) यांत्रिक रूप से प्रचालित विफल विस्फोट निरोधकों के लिए सभी हस्तचालित नियंत्रण क्षैतिज अवसंनतचना के जहां कम से कम 0.60 मीटर पर अवस्थित होंगे। नियंत्रण प्रचालित करने के लिए अनुदेश नियंत्रण चक्र के निकट प्रमुख रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे।

(2) शक्ति प्रचालित विस्फोट निरोधकों के सभी नियंत्रण, डेरिक फ्लोर पर वेधक के निकट अवस्थित होंगे।

(3) विफल विस्फोट निरोधकों के लिए दूरस्थ नियंत्रण पैनल भी डेरिक फ्लोर से सुरक्षित अंतराल पर भूतल स्तर पर संस्थापित किया जाएगा।

(4) विफल विस्फोट निरोधकों के लिए सभी नियंत्रण, उपयुक्त चिह्नकों से स्पष्ट रूप से पहचाने जाएंगे।

44. विफल विस्फोट उपस्कर का परीक्षण : (1) विफल विस्फोट निरोध उपस्कर जिसके अन्तर्गत पाइपें और नियंत्रण वाल्व भी है दाब परीक्षित होगा :—

(क) कार्यकरण दाब के लिए आरंभिक संस्थापन और पश्चातवर्ती संस्थापनों के दौरान, कार्यकरण दाब के 70 प्रतिशत तक वैलारूप निरोधक।

(ख) किसी स्ट्रिंग के कैसिंग में सीमेंट का वेधन करने के पूर्व उस अधिकतम संगणित दाब तक, जिस तक कैसिंग को रखा जा सकता हो।

(ग) की जाने वाली मरम्मत जो कार्यकरण दाब तक किसी दाब सील के नियोजन की अपेक्षा करती है, कार्यकरण दाब के 70 प्रतिशत तक वैलारूप निरोधक।

(2) विफल विस्फोट निरोधक उपस्कर का, जिसके अन्तर्गत पाइप में और नियंत्रण वाल्व भी है, परीक्षण निम्नलिखित रूप में किया जाएगा,—

(क) अप्रत्यक्ष वैलरूप निरोधकों का प्रत्येक ट्रिप में एक बार।

(ख) पाइप वैलरूप निरोधकों का प्रतिदिन कम से कम एक बार।

(ग) वेधन पाइप पर के वैला रूप निरोधकों का सात दिन में एक बार।

(3) ऊपर उल्लिखित सभी परीक्षणों की पूर्ण विशिष्टियां दैनिक रिपोर्ट में अभिलिखित की जाएंगी और दाब परीक्षण की दशा में उपयोजित दाब और परीक्षण की अवधि भी अभिलिखित की जाएगी।

(4) यदि परीक्षण के दौरान कोई विफल विस्फोट निरोध उपस्कर त्रुटिपूर्ण पाया जाता है तो उसे संक्रियाएं आरंभ करने के पूर्व काम में लाने योग्य बनाए जाएगा।

45. विफल विस्फोट मद्दे पूर्वविधानियां :—(1) वेधन पंक पद्धति के लिए निम्नलिखित नियंत्रण उपस्कर, वेधन संक्रियाओं के दौरान संस्थापित किए जाएंगे :—

(क) वेधन पंक मात्रा में वृद्धि या कमी रजिस्टर करने वाला पंक स्तर सूचक। इसके अन्तर्गत वेधक स्टैंड के निकट दृश्य और श्रव्य चेतावनी युक्ति होगी।

(ख) कूप को सब समय भरा रखने के लिए अपेक्षित पंक की मात्रा को ठीक-ठीक माप करने के लिए युक्ति ;

(ग) मुख्य गोल प्रकपित्र के पास एक गैस संसूचक या विस्फोटमीटर, जो वेधन स्टैंड के निकट श्रव्य या दृश्य संकेतक से जुड़ा होगा।

(घ) जब स्ट्रिंग को खींचा जा रहा हो तब कूप का पंक से सतत भरा जाना सुनिश्चित करने के लिए एक युक्ति

(ङ) जब कूप प्रतिक्षेप करता है तब पंक पंप बंद करने के लिए वेधन-स्टैंड के निकट एक नियंत्रण युक्ति।

(च) यदि ऊपर उल्लिखित नियंत्रण उपस्कर यह सूचित करता है कि गैससमूह तरल कूप में प्रवेश कर रहे हैं तो कूप को नियंत्रण करने के लिए तुरन्त कार्रवाई की जाएगी।

(2) (क) प्रत्येक ऐसी खान का, जिसमें विफल विस्फोट निरोध उपस्कर संस्थापित किया जाता है, प्रबंधक, इन नियमों के प्रवृत्त होने के 60 दिन के भीतर या किसी नए संस्थापन की दशा में संस्थापन के 30 दिन के भीतर किसी कूप के प्रतिक्षेप करने की दशा में की जानेवाली कार्रवाई और रिग पर नियोजित प्रत्येक व्यक्ति तथा ऐसे अन्य व्यक्तियों के बारे, विफल विस्फोट ड्रिलों और सांस्थितिक आपातस्थितियों के लिए आवश्यक हो कालबद्ध विनिर्दिष्ट करते हुए स्थायी आदेश प्रादेशिक निरीक्षक को प्रस्तुत करेगा।

(ख) प्रादेशिक निरीक्षक, लिखित आदेश द्वारा या तो उसे प्रस्तुत रूप में या ऐसे परिवर्धनों और परिवर्तनों सहित जो वह ठीक समझे, ऐसे स्थायी आदेशों का अनुमोदन कर सकेगा; इस प्रकार अनुमोदित स्थायी आदेश खान में प्रवर्तित किए जाएंगे।

(ग) स्थायी आदेशों की एक प्रति रिग के निकट प्रमुख रूप से चिपकाई जाएगी।

(3) किसी रिग पर नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को किसी प्रतिक्षेप के चेतावनी संकेत, स्थायी आदेशों, विफल विस्फोट निरोध उपस्कर की पर्याप्त समझ होगी और वह विफल विस्फोट निरोधक के लिए नियंत्रणों को प्रचालित करने में समर्थ होगा। इस प्रयोजन के लिए विफल विस्फोट निरोध ड्रिल का सात दिन में एक बार संचालित किया जाएगा।

(4) (क) उपयुक्त नियंत्रण वाल्व कूप के निकट उपलब्ध रहेंगे जिनका उपयोग आपात की दशा में कूप को नियंत्रण करने के लिए किया जाएगा।

(ख) जब नलिकाओं के अन्दर चलाया जाए या बाहर खींचा जाए तब एक द्वारा वाल्व और नलिका हैंगर को पूर्व-समजित किया जाएगा और कूप के पास सुगमता से उपलब्ध रहेंगा।

(ग) वेधन के दौरान एक पश्च दाब वाल्व उपलब्ध रहेगा जिसे ड्रिल पाईप के शीर्ष पर जोड़ा जा सकता है।

46. विफल विस्फोट घटित हो जाने के पश्चात की पूर्वविधानियां :—(1) इस सूचना के संकेत का आभास होने पर कि किसी कूप में विफल विस्फोट हो रहा है, उन व्यक्तियों से जिनकी उपस्थिति विफल विस्फोट नियंत्रण करने के लिए आवश्यक समझी जाती है, भिन्न सभी व्यक्तियों को कूप से तुरन्त हटा लिया जाएगा।

(2) सब समय के दौरान जब किसी विफल विस्फोट नियंत्रण करने का कोई काम चल रहा हो, निम्नलिखित पूर्वविधानियां बरती जाएंगी—

(क) एक सक्षम व्यक्ति उस स्थान पर शुरू से अंत तक उपस्थित रहेगा;

(ख) कूप के 500 मीटर के भीतर के क्षेत्र को संकट क्षेत्र के रूप में निर्धारित किया जाएगा।

(ग) संकट क्षेत्र के भीतर के सभी विद्युत संस्थापनों को अक्रियाशील कर दिया जाएगा

(घ) संकट क्षेत्र के भीतर केवल अनुमोदित निरापद लैम्प या टार्चें का उपयोग किया जाएगा

(ङ) संकट के क्षेत्र के भीतर कोई अनावृत्त दीप या यानीय यातायात अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ;

(च) जहां तक व्यक्तियों की सुरक्षा का संबंध है, कोई सक्षम व्यक्ति संस्थापन की स्थिति और अनुमोदित उपकरण में गैसों की उपस्थिति का अभिनिश्चय करेगा ;

(छ) उस स्थान पर उसके निकट आपात स्थिति में उपयोग के लिए दो संवृत परिपथ रेस्पिरेटर उपलब्ध रहेंगे,

(ज) पर्याप्त अग्नि शामक उपस्कर उपलब्ध किया जाएगा।